सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-353, पृष्ठ : 12 | बुधवार, 02 जुलाई, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# अमरनाथ यात्रा: पहला जत्था रवाना

## जम्मू में एलजी मनोज सिन्हा ने हरी झंडी दिखाई, अब तक 3.5 लाख ने कराया रजिस्ट्रेशन



**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए बुधवार को पहला जत्था जम्मू से रवाना हो गया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भगवती नगर बेस कैंप से जत्थे को झंडी दिखाई। इस दौरान श्रद्धालु 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयकारे लगाते रहे। आधिकारिक तौर पर यात्रा की शुरुआत 3 जुलाई से होगी।

38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से होगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे। इस साल अब तक 3.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री



रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। तुरंत रजिस्ट्रेशन के लिए जम्मू में सरस्वती धाम, वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में सेंटर खोले गए हैं। ये सेंटर रोज दो हजार श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में पहले जत्थे का स्वागत करने के लिए स्थानीय निवासी इकट्ठे हुए हैं। स्थानीय काजीगुंड में नवयुग टनल के पास तीर्थयात्रियों का इंतजार कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि हम खुश हैं कि बायसरन घाटी में हुए आतंकी हमले के बाद एक बार फिर श्रद्धालु यात्रा के लिए आ रहे हैं।

## खराब मौसम से कटड़ा में हेलीकॉप्टर सेवा हुई ठप

**जम्मू।** धर्मनगरी कटड़ा और त्रिकुटा पर्वत पर छाए घने बादलों और कोहरे के कारण श्री माता वैष्णो देवी यात्रा की हेलीकॉप्टर सेवा दिनभर प्रभावित रही। खराब विजिबिलिटी के चलते कटड़ा से सांझी छत तक की सभी हेलीकॉप्टर उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिससे सैकड़ों श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही कटड़ा और भवन क्षेत्र में बादल छाए हुए थे, जिससे त्रिकुटा पर्वत की ऊंचाइयों पर घना कोहरा छा गया। इस खराब मौसम का सबसे अधिक असर उन श्रद्धालुओं पर पड़ा जिन्होंने हेलीकॉप्टर सेवा बुक की थी। विशेष रूप से बुजुर्ग, छोटे बच्चों वाले परिवार और बीमार श्रद्धालु इससे खासे प्रभावित हुए।

### संसद की सुरक्षा में चूक का मामला

## हाईकोर्ट ने दो आरोपियों को दी जमानत

**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले में दो आरोपियों नीलम आजाद और महेश कुमावत को बुधवार को जमानत दे दी है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने नीलम आजाद और महेश कुमावत की जमानत अर्जी का विरोध किया था। हालांकि, उन्हें जमानत दे दी गई। आपको बता दें कि साल 2023 में लोकसभा में घुसकर पीली गैस छोड़ी गई और नारेबाजी की गई थी। दिल्ली हाई कोर्ट ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में आरोपी नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत देते हुए शर्तें भी लगाई हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा है कि जमानत के दौरान नीलम आजाद और महेश



कुमावत मीडिया से बात नहीं करेंगे। इसके साथ ही वे सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट भी नहीं करेंगे। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने दोनों को 50,000 रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानत पर राहत प्रदान की है।

## पांच देशों की यात्रा पर मोदी, घाना के लिए रवाना; ब्रिक्स सम्मेलन में करेंगे शिरकत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पांच देशों की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। वह दो से नौ जुलाई तक घाना, त्रिनिदाद-टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान छह और सात जुलाई को ब्राजील में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इससे वैश्विक दक्षिण के देशों से भारत के संबंधों को नया आयाम मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हुए। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का पहला चरण है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है। अपने बयान में पीएम मोदी ने कहा, 'राष्ट्रपति जॉन



ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर मैं 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करूंगा। घाना ग्लोबल साउथ में एक मूल्यवान साझेदार है और अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।' उन्होंने निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास साझेदारी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि घाना की संसद में बोलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।



NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# हिमाचल में बादल फटने से तबाही

## मंडी में 10 लोगों की मौत, 30 लापताः राज्य की 406 सड़कें बंद

एनएनआई





**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को 11 स्थानों पर बादल फटे। 20 मकानों को नुकसान होने के साथ 15 पशुशालाओं को नुकसान हुआ है। प्रदेश में वर्षा के बाद 406 सड़कें बंद हैं। इसके अलावा प्रदेश में 1515 ट्रांसफार्मर खराब हैं जबकि लगभग 171 पेयजल योजनाओं को नुकसान हुआ है। प्रदेश में बीते 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक वर्षा मंडी जिले के संधोल में 223.6 मिलीलीटर हुई। प्रदेश में अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट आई है। कांगड़ा में मंगलवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 11 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान धौलाकुआं में 31.5 जबकि ऊना में 31.4 डिग्री दर्ज किया गया।

ऊना के साथ लगते बसाल गांव में स्थित स्वां नदी में मछली पकड़ने गए पांच प्रवासी जलस्तर बढ़ने से बीच में फंस गए। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मियों व गृहरक्षकों ने करीब सवा दो घंटे बाद उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सोलन शहर के कोटलानाला में मंगलवार दोपहर बाद एक निमार्णाधीन भवन के साथ पहाड़ी से भूस्खलन होने के कारण वहां काम पर लगे मजदूर बाल-बाल बच गए।

**मंडी में 7 स्थानों पर बादल फटा**

वहीं, मंडी जिले में मंगलवार को बादल फटने से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। गोहर, करसोग, थुनाग व धर्मपुर उपमंडल में सात स्थानों पर बादल फटने से मकान जमींदोज होने व बाढ़ के पानी में बहने से 10 लोगों की मौत हो गई जबकि 30 लोग लापता हैं। गोहर उपमंडल में पांच, सराज में चार व करसोग में एक व्यक्ति की मौत हुई है। ग्रामीणों व प्रशासन ने 132 लोगों बचाया है। गोहर उपमंडल के स्यांज क्षेत्र में ज्यूणी खड्ड में आए सैलाब में दो घर समा गए। इससे झाबे राम व पदम देव समेत उनके परिवार के नौ सदस्य बह गए। इनमें देवकू देवी का शव कांगड़ा जिले के देहरा व उमा देवी का जोगेंद्रनगर उपमंडल में ब्यास नदी के किनारे मिला। लापता लोगों की तलाश में एनडीआरएफ व एसडीआरएफ ने सर्च अभियान चला रखा है।

बाड़ा पंचायत में मकान जमींदोज होने से मलबे में छह लोग दब गए। इसमें मां-बेटे की मौत हो गई। तीन घंटे के रेस्क्यू अभियान के बाद चार लोगों की जान बचा ली गई। परवाड़ा में मां, बेटा व बहू नाले के तेज बहाव में बह गए। बेटे का शव बरामद कर लिया गया है। पांच वर्ष की बच्ची सुरक्षित बच गई। सराज उपमंडल के बगस्याड़, थुनाग व जंजैहली में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। एक स्कूल कर्मी के स्वजन सहित 19 लोग बह गए, इनमें चार के शव बरामद कर लिए गए। 15 लोग अभी लापता हैं।

चुलाथाज में देवदार के सैकड़ों पेड़ बह गए हैं। करसोग के सकरोल व कुट्टी में बादल फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई व चार लापता हैं। लारजी व डैहर पावर हाउस में 28 घंटे से बिजली उत्पादन ठप है। 16 मेगावाट के पटिकरी प्रोजेक्ट को भारी क्षति पहुंची है। जिलेभर में पांच पुल बह गए हैं। सराज हलके में बिजली पानी व संचार सेवाएं बाधित हैं। धर्मपुर उपमंडल का स्याठी गांव जमींदोज हो गया है। यहां 10 घर ध्वस्त हो गए हैं।

**कालका-शिमला रेलमार्ग पर ल्हासे गिरने से थमे ट्रेन के पहिए**

कालका-शिमला रेलमार्ग पर मंगलवार को सोलन व सलोगड़ा में भूस्खलन से शिमला जा रही ट्रेन के पहिये थम गए। दोहपर एक बजे सोलन में ट्रैक पर पत्थर आ गए, जिसे रेलकर्मियों ने साफ किया तो पौने तीन बजे सलोगड़ा के नजदीक ट्रैक पर भारी मलबा आ गया।

### तीन जुलाई तक भारी वर्षा की संभावना

मौसम विभाग ने तीन जुलाई तक प्रदेश में भारी वर्षा की संभावना जताई है, जबकि चार व पांच जुलाई को कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। इनमें कांगड़ा और सोलन में बहुत भारी और मंडी, हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, शिमला और सिरमौर में कुछ स्थानों भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग ने जुलाई में सामान्य से अधिक वर्षा की संभावना है।

> प्रदेश में अभी तक 500 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है। नुकसान और भी बढ़ सकता है। जहां पर नुकसान हुआ है वहां राहत और पुनर्वास में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश सरकार आपदा की घड़ी में लोगों के साथ खड़ी है और हर स्थिति से निपटने का हरसंभव प्रयास कर रही है।
>
> **सुखविंदर सिंह सुक्खू**
> **मुख्यमंत्री**

# ऋषिकेश गंगोत्री हाईवे के पास कांवड़ यात्रियों का ट्रक पलटा, एक की मौत

**ऋषिकेश।** गंगोत्री हाईवे पर जाजल फकोट के बीच में कांवड़ यात्रियों का ट्रक सड़क पर पलट गया। वाहन में 15 लोग सवार थे, जिनमें से एक की मौत हो गई। कुछ की हालत गंभीर है।

सभी ऋषिकेश से गंगोत्री की ओर जा रहे थे। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि ट्रक में कुल 15 कावड़ यात्री सवार थे। जिसमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई है। 14 लोग घायल है। जिसमें से चार गंभीर घायलों को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है।

आठ लोगों का नरेंद्र नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है। एक व्यक्ति का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फकोट में उपचार किया जा रहा है। एक व्यक्ति को हल्की चोट आई है।



# ट्रंप ने दी जोहरान को गिरफ्तार कराने की चेतावनी

**बौखलाए ममदानी ने कहा- धमकी नहीं करूंगा स्वीकार**

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क सिटी से मेयर पद के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार भारतीय मूल के जोहरान ममदानी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से दी गई गिरफ्तारी की धमकी से बौखला गए हैं। ममदानी ने सख्त जवाब देते हुए कहा कि वह किसी भी तरह की धमकी स्वीकार नहीं करेंगे।

ट्रंप ने एक राउंडटेबल में धमकी देते हुए कहा था कि अगर ममदानी अमेरिका के सबसे अधिक आबादी वाले शहर में आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन को काम करने से रोकते हैं, तो उनकी सरकार ममदानी को गिरफ्तार करवा देगी। इतना ही नहीं राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को ममदानी पर हमला बोलते हुए उन्हें कम्युनिस्ट और पागल करार दिया था। ट्रंप का दावा है कि ममदानी की नागरिकता अवैध है और वह कम्यूनिस्ट पागल हैं। राष्ट्रपति ने ममदानी की नागरिकता पर भी सवाल उठाया है। ट्रंप ने दावा करते हुए कि बहुत से लोग कह रहे हैं कि वह अवैध रूप से यहां हैं।

# मोहाली कोर्ट में मजीठिया की पेशी, कोर्ट के बाहर भारी पुलिसबल तैनात

**चंडीगढ़।** भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार बिक्रम मजीठिया ने गिरफ्तारी व रिमांड के आदेश को अवैध बताते हुए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी है। याची ने कहा कि उसे राजनीतिक दुर्भावना का शिकार बनाया गया है। हाईकोर्ट जल्द याचिका पर सुनवाई कर सकता है। वहीं बिक्रम सिंह मजीठिया का पुलिस रिमांड आज खत्म हो रहा है। उन्हें कुछ ही देर में मोहाली कोर्ट में पेश किया जाएगा। पंजाब भर से अकाली वर्कर धरना प्रदर्शन करने के लिए मोहाली पहुंच रहे हैं। अकाली वर्करों को धरने में जाने से रोकने के लिए पंजाब भर में वरिष्ठ अकाली नेताओं के घरों के बाहर पुलिस बैठा दी गई है। जगह-जगह पर नाकाबंदी भी की हुई है खासकर ब्यास पुल के पास बड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। वहां वाहनों की चेक करके आगे भेजा जा रहा है।



# कुख्यात बदमाश ललित नेपाली का एनकाउंटर, कई वारदातों में था शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस और एसटीएफ की टीम ने एक कुख्यात बदमाश ललित नेपाली का एनकाउंटर कर दिया। मुठभेड़ में बदमाश ललित नेपाली घायल हो गया। फिलहाल उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ में लाजपत नगर के एसीपी बुलेटप्रुफ जैकेट के कारण बाल-बाल बच गए। ललित दो दर्जन से अधिक वारदातों में शामिल था।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट एसटीएफ और सनलाइट कॉलोनी थाने की संयुक्त कार्रवाई में सराय काले खां बस स्टैंड के पास वांछित अपराधी ललित के साथ मुठभेड़ हुई। करीब दो दर्जन अपराधों में शामिल और कई मामलों में कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित ललित मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हो गया।

एसीपी लाजपत नगर अपनी बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से मुठभेड़ में बाल-बाल बच गए। ललित को साकेत थाने में एक मुकदमे में आरोपी को 14 साल की जेल भी हो चुकी थी। पुलिस ने एनकाउंटर के बाद आरोपी के पास से एक सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित
**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**
**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**
**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**
E MAIL newsnextindia1@gmail.com
Website:-www.nnindianews.com
**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

आगरा ब्रज

बुधवार, 02 जुलाई, 2025 www.nnindianews.com



# 9 माह की बच्ची को किडनैप करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

## दिल्ली बेचने ले जा रहे थे, 300 सीसीटीवी की मदद से पकड़े गए

एनएनआई

**मथुरा।** थाना जैत पुलिस ने छटीगरा पुल से 9 महीने की बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया है। एक निसंतान महिला की गोद भरने के लिए एक युवक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर बच्ची को किडनैप किया था। महिला ने बाद में बच्चे को लेने से मना कर दिया था। किडनैपर उसे दिल्ली में बेचने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस मंगलवार को 300 सीसीटीवी की मदद से उन तक पहुंची। उसके बाद उन्हें छटीगरा पुल से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

मोनू (35) कन्नौज का रहने वाला है। वह अपनी पत्नी गौरी के साथ एक साल पहले वृंदावन आया था। यहां के जैंत थाना क्षेत्र में चंद्रोदय मंदिर के पास झोपड़ी बनाकर चार बच्चों के साथ रहता था। वह प्राइवेट जॉब करता था। पत्नी गौरी ने बताया कि घर पर रहकर बच्चों की देखभाल करती थी। अक्सर काम के सिलसिले में पति घर से बाहर रहता था। वह सुबह में निकल जाता था और देर रात घर आता था।

गौरी के अनुसार- 26 जून की रात साढ़े 12 बजे उसने अपनी नौ महीने की बेटी को अपने पास सुलाया था। जब नींद खुली तो बेटी गायब थी।






उसने पति को जगाया। दोनों ने बच्ची को बहुत तलाशा लेकिन उसका पता नहीं चला। उन्होंने जैंत थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। एसएसपी श्लोक कुमार ने जांच के आदेश दिए थे।

एसएसपी श्लोक कुमार ने सर्विलांस टीम को लगाया। घटना स्थल के पास के सीसीटीवी मंगाए। करीब 300 सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद उन्हें आरोपियों का सुराग मिला। पुलिस ने आज उन्हें छटीगरा पुल के पास से बुलेट से जाते समय गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से बच्ची पहचान नरेश और विष्णु कुमार के रूप में हुई है। नरेश आगरा कैंट थाना सदर बाजार के कीर्ति नगर डिफेंस कालोनी का रहने वाला है। जबकि विष्णु कुमार राजस्थान के भरतपुर के सारस चौराहा न्यू पुष्प वाटिका कालोनी का रहने वाला है।को सुरक्षित बरामद कर लिया। वह बच्ची को दिल्ली ले जाने की फिराक में थे।

आरोपियों ने बताया- डींग जिले की रहने वाली एक महिला का आगरा में मायका है। महिला उनकी परिचित है। शादी के आठ साल बाद भी महिला की कोई संतान नहीं हुई। इस पर ससुराल के लोग उसे ताने मारने लगे थे। महिला ने अपने मायके में आकर ससुराल में झूठ कह दिया कि वह गर्भवती हो गई है। उसने अपने परिचित से कोई नवजात शिशु गोद दिलाने को कहा था। इस पर विष्णु ने अपने साथी नरेश के साथ मिलकर बच्ची को अगवा करके महिला को दे दिया बच्ची बड़ी होने पर महिला ने लेने से इंकार कर दिया।

**बच्ची को दिल्ली में बेचने की योजना बना रहे थे**

इसके बाद विष्णु और उसका दोस्त दूसरी परिचित के पास बच्चों को लेकर गए। उसे बताया कि बच्ची की मां मर गई है। पिता दूसरी शादी करने जा रहा है। बच्ची अनाथ है, वह उसे रख ले। दूसरी महिला ने मासूम को गोद लेने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपित बच्ची को लेकर दिल्ली में कहीं और बेचने की योजना बना रहे थे पुलिस ने बच्ची को बरामद करके दोनों को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपए देने की घोषणा की है। थाना जैत पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक 9 माह की अपहत बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।




# दाऊजी मंदिर में कॉरिडोर और न्यास का विरोध

## गोस्वामी और तीर्थ पुरोहितों ने कहा- सनातन विरोधी है सरकार का फैसला

**मथुरा** एनएनआई। बलदेव में स्थित बृज के प्रसिद्ध दाऊजी मंदिर में वृंदावन स्थित बिहारी जी मंदिर कॉरिडोर और न्यास के निर्माण का विरोध हुआ। मंदिर में आयोजित बृजवासियों की सभा में गोस्वामियों और तीर्थ पुरोहितों ने इसे सनातन विरोधी कदम बताया।

व्योवृद्ध पूरन गोस्वामी ने कहा कि सरकार का यह बोर्ड सनातन विरोधी है। उन्होंने कहा कि जैसे उनके पूर्वज औरंगजेब से लड़े थे, वैसे ही वे भी अंतिम सांस तक लड़ेंगे। गोस्वामी वैकुंठ नाथ पांडेय ने कहा कि मंदिर की पूजा सेवा और चढ़ावे में सरकारी हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी ब्राह्मण समाज से एकजुट होने की अपील की। उनका कहना था कि वृन्दावन की कुंज गलियों और प्राचीन मंदिर की परंपरा को बचाना जरूरी है। पांडेय ने कहा कि सरकार को कॉरिडोर के बजाय यमुना की सफाई, बिजली, पानी और सड़कों की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। महेश कान्त पांडेय ने चेतावनी दी कि विकास के नाम पर बृज का विनाश स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने 2027 और 2029 के चुनावों में इसके प्रभाव की बात कही। सभा में भगवत पांडेय, पुष्पेंद्र पांडेय, सिया पहलवान, बलदेव पांडेय, सोनू पांडेय, जतिन पांडेय, रजत पांडेय, मनु पांडेय, राहुल पांडेय, काका गुरु, अंटू पहलवान और रेवतीरमन पांडेय समेत कई लोग मौजूद थे।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

## पति से कहासुनी के बाद महिला का शव लटका मिला, 7 साल पहले हुई थी शादी

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** मैनपुरी रोड स्थित गांव कंथरी में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की पहचान 26 वर्षीय प्रीती देवी के रूप में हुई है। प्रीती की शादी राज कुमार बघेल के साथ 7 साल पहले हुई थी। दंपती के दो बच्चे हैं। 6 साल का बेटा कमल और 4 साल की बेटी खुशी।

परिजनों के मुताबिक, सोमवार को पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। मंगलवार दोपहर को प्रीती का शव रस्सी के फंदे पर लटका मिला। घटना की



सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर थाना पुलिस और सीओ प्रवीण कुमार तिवारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। इंस्पेक्टर अनुज कुमार ने बताया कि अभी तक घटना की कोई तहरीर नहीं मिली है और मामले की जांच जारी है। महिला का मायका गांव रूरिया, थाना नगला खंगर क्षेत्र में है।

# गैस दो रुपये महंगी, कांच उद्योग को झटका

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** कांच के कारखानों में ईंधन के रूप में इस्तेमाल होने वाली नेचुरल गैस की कीमतों में प्रति घनमीटर डेढ़ से दो रुपये की बढ़ोतरी की खबर से उद्यमी परेशान हैं। इस बढ़ोतरी के चलते घरेलू बाजारों से मिले ऑर्डरों को पूरा करने में कांच उद्यमियों को लाखों का नुकसान होने की आशंका है।

ईरान और इस्राइल के बीच हालिया तनाव का असर अब जिले के कांच और हस्तशिल्प उद्योग पर दिखना शुरू हो गया है। कांच कारखानों में ईंधन के रूप में इस्तेमाल होने वाली नेचुरल गैस की कीमतों में प्रति घनमीटर डेढ़ से दो रुपये की बढ़ोतरी होने की खबर से उद्योग जगत सहमा हुआ है। इस बढ़ोतरी के चलते घरेलू बाजारों से



मिले ऑर्डरों को पूरा करने में कांच उद्यमियों को लाखों का नुकसान होने की आशंका है।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मासिक आधार पर नेचुरल गैस की कीमतों में प्रति थर्मल यूनिट 24 डॉलर की बढ़ोतरी की घोषणा हुई है, जिसका सीधा असर फिरोजाबाद की कांच इकाइयों में खपत होने वाली नेचुरल गैस पर पड़ा है। 1 जुलाई से नेचुरल गैस के बिल 34.50 से 35 प्रति घनमीटर के हिसाब से जारी होंगे।

कांच कारोबारियों के अनुसार, जुलाई से प्रति घनमीटर नेचुरल गैस की कीमतों में इस भारी बढ़ोतरी से न केवल निर्यात होने वाले कांच के सामान, बल्कि घरेलू ऑर्डरों को भी पूरा करना मुश्किल हो जाएगा। वर्तमान में नेचुरल गैस की दर लगभग 33 प्रति घनमीटर है, जो जुलाई में 34.50 से 35 प्रति घनमीटर तक पहुंचने की पुख्ता सूचना है। ऐसे में, पुराने ऑर्डरों को पूरा करने में कांच उद्यमियों और हस्तशिल्पियों को भारी नुकसान होना तय है।

# सनक चढ़ी तो चला दी ताजमहल के पास गोलियां

## पुलिस ने आरोपी के साथ टैक्सी चालक को भी भेजा जेल

एनएनआई

**आगरा।** उसके मन में आया तो एक नहीं तीन-तीन राउंड गोली चला दी। पुलिस की पूछताछ में गोली चलाने का कारण जानने पर उसका जबाव था कि मन में आया तो गोली चला दी। ताजमहल के पश्चिमी गेट के यलो जोन बैरियर के पास 3 राउंड फायरिंग करने वाले आरोपी आजमगढ़ के पंकज कुमार सिंह और टैक्सी चालक नंदलाल को मंगलवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उसके कब्जे से लाइसेंसी रिवाल्वर और कारतूस के 3 खोखे बरामद किए गए हैं।

ताजमहल की पश्चिमी गेट पार्किंग के पास सोमवार सुबह 9:15 बजे घटना हुई थी। मथुरा नंबर की अर्टिगा कार से एक युवक पहुंचा था। खुद को भारत सरकार का अधिकारी बताकर अमरूट टीला बैरियर से ताजमहल की तरफ जाने की कोशिश कर रहा था। मना करने पर बैरियर पर तैनात पुलिसकर्मियों से अभद्रता कर दी थी। कार को 100 मीटर पीछे ले जाकर 3 फायर करके भाग गया था। घटना से अफरा- तफरी मच गई थी।

पुलिस ने कार की पहचान कर ली थी। 7 घंटे बाद लखनऊ में आरोपी आजमगढ़ के बलरामपुर निवासी पंकज कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया था। उसने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से फायर किए थे। पुलिस ने उससे कारतूस के खोखे भी बरामद कर लिए। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि मामले में ताज सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी राजन सिंह की ओर से आर्म्स एक्ट, गाली गलौज सहित अन्य धारा में मुकदमा दर्ज कराया गया। मंगलवार दोपहर को आरोपी पंकज और गोवर्धन से आगरा तक लाने वाले टैक्सी चालक नंदलाल को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपी पंकज के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त करने के लिए रिपोर्ट आजमगढ़ प्रशासन को भेजी जा रही है। परिजन उसके मानसिक रूप से बीमार होने का दावा कर रहे हैं। लखनऊ के चिकित्सक का वर्ष 2003 में बना पर्चा भी दिखाया, लेकिन उसके बाद का कोई पर्चा नहीं दिखा सके।

डीसीपी सिटी ने बताया कि टैक्सी चालक नंदलाल को भी आरोपी बनाया है। पंकज सिंह ने फायरिंग की थी। इसके बावजूद चालक ने पुलिस को सूचना नहीं दी। आरोपी की मदद की। उसे ऐसी जगह पर छोड़कर आया, जिससे वह लखनऊ आसानी से जा सके। नंदलाल पर आरोपी की मदद करने और पुलिस से अभद्रता करने के मामले में कार्रवाई की गई है।

**कानपुर की फैक्टरी की है रिवाल्वर**

पंकज के पास से मिली रिवाल्वर कानपुर ऑर्डिनेंस फैक्टरी की है। हालांकि आरोपी की ओर से शस्त्र लाइसेंस की कॉपी नहीं दिखाई गई है। पुलिस को यही पता चला कि लाइसेंस 2021 में बना था। अगर, पंकज सिंह के पहले से बीमार होने का दावा उसके परिजन कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि उसका लाइसेंस कैसे बन गया?

**आरोपी बोला, मन में आया तो कर दिए फायर**

डीसीपी सिटी के मुताबिक, पुलिस की पूछताछ में आरोपी पंकज सिंह ने ज्यादा जानकारी नहीं दी। उससे सवाल किया कि फायरिंग क्यों की? पहले तो वो चुप रहा। बाद में कोई स्पष्ट वजह नहीं बता सका। सख्ती से पूछने पर कहा कि बैरियर से लौटाने के बाद उसका मन कर गया था।

# हत्या कर शव हाथरस में फेंका

- पुलिस ने चार दिन बाद कुएं से बरामद किया सड़ा-गला शव
- पुलिस पर लापरवाही का आरोप, लगाया जाम

एनएनआई



**आगरा।** हरीपर्वत क्षेत्र से चार दिन पहले दूधिए के लड़के ने अपने दोस्तों के साथ घर से बुलाने के बाद सुल्तानगंज की पुलिया के युवक कुनाल (20) की हत्या कर दी। शव को हाथरस के सहपऊ में सूखे कुएं में फेंक दिया। हत्यारोपियों ने उसके परिजन को फिरौती के लिए भी कॉल किया था। परिजन के सुराग देने पर पुलिस ने दोस्त और उसके प्रधान पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की। हत्यारोपी की निशानदेही पर सड़ा गला शव कुएं में बरामद किया। देर शाम परिजन ने सुल्तानगंज की पुलिया पर शव रखकर जाम लगाकर हंगामा किया। उनका कहना था कि पुलिस ने चार दिन तक तलाश करने में ढिलाई बरती। करीब घंटे भर तक जाम लगा रहा।

सुल्तानगंज की पुलिया पर रहने वाले देवेंद्र प्रजापति बल्केश्वर में मिठाई व चाट आदि का काम करते हैं। बेटा कुनाल भी उनके काम में हाथ बंटाता था। युवक की बहन दीक्षा ने बताया कि कुनाल 27 जून की पूर्वाह्न 11 बजे घर से स्कूटर लेकर निकला था। कुछ देर में आने की कहकर गया था। काफी देर तक नहीं लौटा तो मां विरमा देवी ने कॉल किया। उसने बताया कि वह हाथरस रोड पर है। पता नहीं यह लोग कहां ले जा रहे हैं। कहीं मार नहीं दें। इसके बाद मोबाइल बंद हो गया। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। 28 जून की सुबह हरीपर्वत थाने में तहरीर दी। शक घर आने वाले दूधिया के बेटे पर जताया। इस पर पुलिस ने खंदौली इलाके के प्रधान पप्पू यादव और उसके पुत्र शिवम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। मृतक के चाचा देवकीनंदन ने बताया कि आरोपियों ने कुनाल की हत्या कर उसका शव सहपऊ क्षेत्र में फेंकने की बात कही।

इस आधार पर पुलिस ने 30 जून की रात यहां पहुंचकर कुनाल की तलाश की। मंगलवार को बाजरा के खेतों के मध्य बने कुएं में कुनाल सड़ा-गला शव मिला। पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। चाचा ने बताया कि उनके परिवार की किसी के साथ कोई दुश्मनी नहीं थी। पता नहीं उनके भतीजे को किसने मार दिया। सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर का कहना है कि अंदेशा है कि किसी भारी वस्तु से सिर पर प्रहार कर युवक की हत्या की गई है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार का कहना है कि हत्यारोपियों की निशानदेही पर शव बरामद हुआ है। कार्रवाई की जा रही है।

# 2 चोरों से 7 बाइकें बरामद



**आगरा** एनएनआई। शमसाबाद पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की 7 बाइकें, दो बाइकों के कटे पार्ट्स और एक तमंचा मिला है। ये बदमाश पकड़े जाने के डर से चोरी की बाइकों को काटकर उसके पार्टस कबाड़ियों को बेच देते थे।

एसीपी शमसाबाद गिरीश कुमार ने बताया कि थाना पुलिस ने इरादत नगर बाइपास पर वाहन चेकिंग के दौरान बाइक से आ रहे दो युवकों को जांच के लिए रोका। युवक बाइक के कागजात नहीं दिखा सके। तलाशी में उनके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए। जांच में पता चला कि दोनों बाइक चोरी की हैं।

पकड़े गए वाहन चोर मुबीन और हुसैन निवासी कुरसैना थाना जसवंत नगर इटावा के रहने वाले हैं। एसीपी ने बताया कि इन चोरों की निशानदेही पर चोरी की 7 मोटर साइकिल, दो बाइकों के कटे पार्ट्स और एक तमंचा बरामद किया गया है। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वे शादी समारोह से बाइक चोरी करते हैं।

चोरी के बाद वाहन को पुराने खंडहर जैसी जगह में छुपा देते थे। इन्होंने गाजियाबाद, नई दिल्ली, फरुर्खाबाद, मैनपुरी, फिरोजाबाद और आगरा से बाइकें चोरी की हैं। मुबीन पर विभिन्न थानों में 4 मुकदमें दर्ज हैं। अन्य थानों से भी मुकदमों की जानकारी की जा रही है। पुलिस इनके अन्य साथियों के बारे में भी पता कर रही है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# पत्नी के लिए फ्लाईओवर पर चढ़ा युवक, कूदने की धमकी

- मायके में रह रही पत्नी ने साथ जाने किया इंकार
- गुस्साया पति जान देने पर हुआ उतारू, पुलिस ने बचाया

एनएनआई

**आगरा।** ताजगंज थाना क्षेत्र में मायके में रह रही पत्नी ने पति के साथ जाने से इंकार कर दिया। इससे परेशान होकर पति इनर रिंग रोड के फ्लाईओवर पर चढ़ गया। जान देने पर उतारू हो गया। यह देखकर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और उसे किसी तरह बचाया। बाद में युवक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

फर्रुखाबाद निवासी 22 वर्षीय दीपक की शादी गुतिला, ताजगंज की रहने वाली युवती से हुई थी। एसीपी ताज सुरक्षा ने बताया कि पति-पत्नी में किसी बात पर अनबन हो गई थी। पत्नी मायके में आकर रहने लगी। मंगलवार को दीपक ससुराल आया। पत्नी से साथ चलने की कही, लेकिन उसने जाने से इंकार कर दिया। सुबह 10 बजे वह पैदल शमसाबाद रोड स्थित इनर रिंग रोड के फ्लाईओवर पर चढ़ गया रेलिंग पर बैठ गया।

यह देखकर लोगों की भीड़ लग गई। वह उसे पीछे हटने की कहने लगी, लेकिन दीपक जान देने की कहने लगा। इसकी जानकारी पर पीआरवी 46 पहुंची। पुलिसकर्मियों ने पीछे जाकर उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे एकता चौकी ले गए। पुलिस ने ससुरालियों के साथ उसके परिजन को भी बुलाया। दोनों में बातचीत हुई। पत्नी साथ जाने के लिए राजी नहीं हुई। इस पर उसे परिवार के सुपुर्द किया गया। वहीं घटना का वीडियो भी वायरल हो गया।

# नगर निगम कार्यकारिणी हाल की सीलिंग गिरी

एनएनआई

- निगम के सदन कक्ष में हुई बैठक में कई प्रस्ताव हुए पास

**आगरा।** नगर निगम में बड़ा हादसा होने से टल गया। कार्यकारिणी की बैठक से कुछ पहले ही हॉल की सीलिंग गिर गई। गनीमत रही कि जिस वक्त सीलिंग गिरी, उस वक्त हॉल में कोई मौजूद नहीं था। इसके बाद कार्यकारिणी की बैठक सदन कक्ष में करनी पड़ी।

मंगलवार को नगर निगम समिति के 13वें अधिवेशन की बैठक कार्यकारिणी हॉल में बुलाई गई थी। समिति सदस्य कुछ पार्षद तय समय पर हॉल पर पहुंच गए। देखा तो हॉल बंद था। कर्मचारियों से पता किया तो बताया गया कि कुछ देर पहले ही हॉल की सीलिंग गिर गई है। इसके चलते बैठक अब सदन कक्ष में होगी। बैठक के दौरान आधा दर्जन से अधिक प्रस्तावों पर चर्चा हुई। पार्षद रवि बिहारी माथुर ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में वसूले जा रहे यूजर चार्ज में संशोधन का प्रस्ताव रखा। तय हुआ कि सदन में सभी 100 पार्षदों के साथ चर्चा के बाद यूजर चार्ज में संशोधन किया जाएगा। सदन में ही नई दरें तय की जाएंगी।

कार्यकाल पूरा होने पर उपसभापति हेमलता चौहान, रवि बिहारी माथुर, बद्री प्रसाद माहौर, बनवारीलाल, हरिओम गोयल और गजेंद्र पिप्पल को मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने विदाई दी।

इसके साथ ही असिसमेंट से छूटे हुए मल्टीस्टोरी, आवासीय और कामर्शियल भवनों से वसूली गई रकम की जानकारी समय से उपलब्ध कराने की मांग से संबंधित प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। उपसभापति हेमलता चौहान ने प्रस्ताव रखते हुए मांग की कि पौधारोपण अभियान के दौरान जो पौधे पार्षदों को उपलब्ध कराये जाते हैं, उनमें से उचित रखरखाव के अभाव में 70% पौधे मर जाते हैं। ऐसे में पौधे देते समय ट्री गार्ड भी उपलब्ध कराये जाएं।

रोड कटिंग संबंधी सूचना पार्षद को नहीं दी जाती है और टोरंट पावर जैसी कंपनियां रोड कटिंग में भी मनमानी करती हैं। ऐसे में रोड कटिंग के लिए अनुमति पत्र जारी करते समय क्षेत्रीय पार्षद से भी सहमति पत्र लिया जाए। इस प्रस्ताव को पारित कर दिया गया।इसके अलावा श अमर शहीद झलकारी बाई की शोभायात्रा के लिए दिया जाने वाला अनुदान 75 हजार से बढ़ाकर 1.5 लाख रुपये करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

रवि माथुर ने कहा–नगर में सफाई कर्मियों के गैंग किसके अंडर में कहां कार्यरत हैं और गैंग में कितने लोग काम कर रहे हैं की जानकारी सदन को दी जाए। बैठक में मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह, नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल, अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार, अपर नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार तिवारी, उप नगर आयुक्त डा. सरिता सिंह आदि मौजूद थे।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNi हर खबर पर पक्की नजर

न्यूज नेक्स्ट इंडिया
अपना आगरा

05

बुधवार, 02 जुलाई, 2025 www.nnindianews.com

# मण्डलायुक्त के ताज महोत्सव के लिए नया स्थल तलाशने के निर्देश

### साउंड एंड लाइट शो हो सकता है निःशुल्क, आंबेडकर पुल पर फाइबर रेलिंग लगाने की मंजूरी

एनएनआई

**आगरा।** मंडलायुक्त शैलेन्द्र सिंह ने पथकर व अवस्थापना समिति की बैठक में ताज महोत्सव के आयोजन के लिए नया स्थल तलाशने के निर्देश दिए। शिल्पग्राम में यूनिटी मॉल के निर्माण कार्य के चलते फरवरी में होने वाले महोत्सव को वहां आयोजित करना मुश्किल हो सकता है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति इसका विकल्प खोजेगी। बैठक में संजय प्लेस स्थित शहीद स्मारक पर होने वाले साउंड एंड लाइट शो की दर्शक संख्या कम होने पर चिंता जताई गई। मंडलायुक्त ने इसकी टिकट दरें 50 रुपये से कम रखने या निःशुल्क करने के निर्देश दिए। आगरा किले के शो में पर्यटकों की कैपिंग हटाने को कहा गया, जिससे शो रद्द होने की स्थिति में टूर ऑपरेटर को नुकसान न हो।

वहीं, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी में फसाड लाइटिंग को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और सेना को हैंडओवर करने की बात कही गई। एडीए को इनर रिंग रोड के




शमसाबाद अंडरपास का सुंदरीकरण फतेहाबाद रोड की तर्ज पर कराने के निर्देश दिए गए। आंबेडकर पुल पर लोहे की जगह फाइबर रेलिंग लगेगी और 10 सीटर टैंपो ट्रैवलर को अनुमति दी जाएगी।

गोल्फ कार्ट अब कछपुरा पार्किंग से मेहताब बाग तक चलेगी, पुलिस बैरियर पर नहीं रोकेगी। एत्माद्दौला के सामने बने किओस्क स्थल का उपयोग पार्किंग या सौंदर्यीकरण के लिए किया जाएगा, समिति निरीक्षण करेगी।

# स्थापना दिवस पर खेल व सांस्कृतिक रंग में रंगा डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि

### 99वें स्थापना दिवस पर प्रतिभा सम्मान और पौधरोपण रहे आकर्षण का केंद्र

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का 99वां स्थापना दिवस मंगलवार को स्वामी विवेकानंद परिसर स्थित जेपी सभागार में धूमधाम से मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. आशु रानी ने की। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति, कुलसचिव अजय मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. ओमप्रकाश, वित्त अधिकारी महिमा चंद, आईक्यूएसी निदेशक प्रो. संजय चौधरी और छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. भूपेंद्र स्वरूप शर्मा ने किया। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, कुलगीत, नृत्य, गायन और माइम की प्रस्तुतियों से आयोजन को जीवंत कर दिया। योग ज्ञान पर आधारित क्विज प्रतियोगिता में नीरज, अपूर्वा गुप्ता और संगीता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेल प्रतियोगिताएं विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों में आयोजित हुईं, जिनमें कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, हैंडबॉल, तैराकी सहित कई खेल शामिल रहे। विजेता रही भगत सिंह टीम। नेताजी सुभाष परिसर में पौधरोपण भी किया गया। प्रतिभा सम्मान के अंतर्गत कर्मचारियों के 11 प्रतिभाशाली बच्चों को कुलपति ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। संचालन डॉ. नीलू सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में डॉ. बी.एस. शर्मा, डॉ. अखिलेश सक्सेना, डॉ. सिंधुजा चौहान, डॉ. महेश फौजदार, डॉ. उदय सिंह तोमर सहित कई शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्रावण मास के पहले सोमवार को निकलेगी भव्य मंगल कलश यात्रा

### 1500 महिलाएं देवी-देवताओं के मंगल कलश लेकर करेंगी सहभागिता



एनएनआई

**आगरा।** पुण्यदायी श्रावण मास के पहले सोमवार, 14 जुलाई को गो महिमा महोत्सव समिति की ओर से विशाल मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह दिव्य यात्रा सुबह 9 बजे नेहरू नगर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर से शुरू होकर सूर सदन कार्यक्रम स्थल तक जाएगी। यात्रा के माध्यम से शिव महापुराण कथा, सवा लाख पार्थिव शिवलिंग अभिषेक, गौपूजन, गौदान व संत दर्शन सहित नौ दिवसीय गो महिमा महोत्सव का शुभारंभ होगा। सेवा भवन, सुल्तानगंज की पुलिया पर आयोजकों ने हाथ में कलश लेकर महिला श्रद्धालुओं को मंगल कलश यात्रा के लिए भावभरा आमंत्रण दिया।

कलश यात्रा में संत, गोरक्षक, देवी-देवताओं के रथ, बैंड बाजों के साथ लगभग 1500 महिलाएं मंगल कलश सिर पर रखकर भाग लेंगी। समाजसेवी पार्षद मुरारीलाल गोयल 'पेंट वाले' ने बताया कि कलश में देवी-देवताओं का वास माना जाता है, जिससे जीवन में समृद्धि व शुभता आती है।

पूर्व पार्षद डॉ. कुंदनिका शर्मा, सुमन गोयल, कुमकुम उपाध्याय, ममता सिंघल सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। इच्छुक महिलाएं बल्केश्वर, कमला नगर, सुल्तानगंज पुलिया, गांधीनगर, वजीरपुरा, दयालबाग, सिकंदरा व संजय प्लेस आदि में बनाए केंद्रों में पंजीकरण करा सकती हैं।

# राजामंडी जैन मंदिर में 35 वर्षों बाद पुनः होगा तीन लोक विधान का आयोजन

- प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी गई जानकारी, महायज्ञ से होगा विधान का समापन

एनएनआई

**आगरा।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, राजामंडी में आगामी अष्टानिका पर्व (02 से 11 जुलाई 2025) के पावन अवसर पर तीन लोक विधान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को मंदिर प्रांगण में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई, जिसमें आयोजन से जुड़ी



महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। मीडिया प्रभारी निशांत जैन ने बताया कि यह विधान 35 वर्ष पूर्व भी इसी मंदिर में हुआ था और वर्षों बाद अब पुनः उसी परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है। विधान के मुख्य संयोजक निर्मल जैन (अलमारी वाले) ने कहा कि श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण है और सभी तैयारियों में जुटे हैं। दिलीप बड़जात्या ने बताया कि समापन दिवस पर विश्व शांति हेतु महायज्ञ भी आयोजित किया जाएगा। सुनील जैन (गोकुलपुरा) ने बताया कि विधान के सभी पात्रों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इस अवसर पर विधान की पत्रिका का भी विमोचन किया गया। महिला श्रद्धालुओं श्रीमती विजय जैन, मधु जैन, शोभा बड़जात्या, रति बड़जात्या और ऋतु जैन ने सभी पात्रों को शुभकामनाएं दीं। आयोजन की तैयारी में मंदिर प्रांगण को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। इस अवसर पर राजेन्द्र बड़जात्या, दिलीप जैन (चांदी वाले), सम्यक जैन, त्रिलोक जैन, रोहित जैन, रजनीश जैन, ऋषभ जैन, राहुल जैन (मीडिया प्रभारी - आवास विकास), मंजू जैन, संगीता जैन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कमलानगर योजना में अवैध निर्माण पर आवास विकास परिषद की सख्ती

**12 दुकानों को नोटिस, निर्माणकर्ता को दस्तावेज पेश करने के निर्देश**

एनएनआई




**आगरा।** आवास विकास परिषद आगरा वृत्त द्वारा कमलानगर योजना के सेक्टर सी-2 में हो रहे अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई की गई है। अधीक्षण अभियंता अतुल कुमार को प्राप्त शिकायत के आधार पर उन्होंने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच में संपत्ति संख्या सी-2/12 पर बिना अनुमति निर्माण कार्य की पुष्टि हुई। यह निर्माण परिषद की सेक्टर-2 स्थित विकास मार्केट में किया जा रहा था। अधीक्षण अभियंता ने तत्काल कार्य रुकवाते हुए निर्माणकर्ता को सभी दस्तावेज परिषद कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही स्पष्ट किया कि जब तक जांच पूर्ण नहीं हो जाती और अनुमति प्राप्त नहीं होती, कोई निर्माण नहीं होगा। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि विकास मार्केट की कई दुकानों की गैलरी पर अवैध कब्जा कर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। इस पर नाराजगी जताते हुए कुमार ने ऐसी 12 दुकानों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और 10 दिन में गैलरी खाली करने के सख्त आदेश दिए। इस कार्रवाई में अधिशासी अभियंता अनिल कुमार, प्रवर्तन अधिकारी कर्नल जी.एम. खान, प्रवर्तन दल व अन्य परिषद कर्मचारी मौजूद रहे।

# नेत्र शिविर में 135 मरीजों का परीक्षण, 10 का होगा मोतियाबिंद ऑपरेशन

- वसुधैव कुटुम्बकम सोसायटी और कल्याणं करोति संस्थान ने लगाया शिविर

एनएनआई



**आगरा।** शमसाबाद रोड स्थित जंगजीत नगर में मंगलवार को वसुधैव कुटुम्बकम चैरिटेबल सोसायटी और कल्याणं करोति नेत्र संस्थान मथुरा के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 135 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें 25 मरीज मोतियाबिंद के पाए गए। इनमें से 10 का ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद राजकुमार चाहर, सोसायटी अध्यक्ष ऋषि उपाध्याय और भानु प्रताप सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। सांसद चाहर ने जनहित में किए जा रहे इस सेवा कार्य की सराहना की। शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाएं और 35 लोगों को चश्मे भी वितरित किए गए। ऋषि उपाध्याय ने कहा ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम सोसायटी सदैव गरीबों और असहायों की सेवा के लिए समर्पित है। हमारा ध्येय है कि कोई भी वंचित चिकित्सा से वंचित न रह जाए। उन्होंने बताया कि हर महीने की पहली तारीख को यह शिविर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान तपन पचौरी, राजेन्द्र बरुआ, मनोज शर्मा, अनिल दुबे, यश उपाध्याय, सौरभ समाधिया, उमाशंकर, विभु पाराशर आदि मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के तहत निकाली जनपद स्तरीय रैली

- महापौर व सीएमओ ने दिखाई हरी झंडी, 11 विभागों के प्रतिनिधियों ने लिया भाग



एनएनआई

**आगरा।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान (1 से 31 जुलाई) और दस्तक अभियान (11 से 31 जुलाई) के अंतर्गत सोमवार को जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा, अपर सीएमओ डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति, जिला मलेरिया अधिकारी राजेश गुप्ता सहित 11 विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और यूनीसेफ प्रतिनिधि राहुल कुलश्रेष्ठ ने भाग लिया। सीएमओ डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान के तहत नगर विकास, पंचायती राज, पशुपालन, समाज कल्याण, शिक्षा, दिव्यांग कल्याण, कृषि, सिंचाई व सूचना विभाग समन्वय के साथ कार्य करेंगे। अभियान में सफाई, झाड़ियों की कटाई, फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव, स्वच्छ पेयजल, पोषण, स्कूलों में स्वास्थ्य शिक्षा और दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण जैसी गतिविधियां की जाएंगी। सी-फार और एम्बेड संस्था के वर्करों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# सपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

**रक्तदान, पौधरोपण, फल वितरण कर दी गई शुभकामनाएं**



**आगरा (एनएनआई)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन सपा जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा के नेतृत्व में फतेहाबाद रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर मनाया गया। केक काटकर कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन की बधाई दी और उनकी लंबी उम्र की कामना की। जिले भर में रक्तदान शिविर, फल वितरण और पौधरोपण जैसे आयोजन कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। वर्मा ने कहा कि अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश को विकास की नई दिशा दी, जिसे भाजपा सरकार ने रोक दिया। कार्यक्रम में 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर चौधरी वाजिद निसार, रामसहाय यादव, सुरेंद्र चौधरी, वीरेंद्र सिंह चौहान, पवन प्रजापति, रामगोपाल बघेल, राजपाल यादव, ममता टपलू, अमित कुशवाह, संतोष पाल बघेल, सोनेलाल कश्यप, प्रदीप सिंह जाटव, मनीष जाटव, राकेश प्रजापति, सुनील प्रजापति सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अखिलेश यादव के जन्मदिन पर बाल्मीकि बस्ती में बांटी शिक्षण सामग्री



**आगरा (एनएनआई)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर आगरा दक्षिण विधानसभा स्थित मालिन बाल्मीकि बस्ती (लोहामंडी) में बच्चों को कॉपी, किताब, पेंसिल, फल और टॉफी वितरित की गईं। कार्यक्रम सपा के पूर्व प्रत्याशी विनय अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित हुआ। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव शिक्षा के जरिए वंचित वर्ग को सम्मान दिलाने के पक्षधर हैं।कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने की शपथ ली। इस मौके पर सतीश चाहर, रिजवान अहमद, अभिषेक यादव, नवीन चंचल, राकेश अग्रवाल, सोमेश गुप्ता, कालीचरण प्रजापति, जय राम प्रजापति, अजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, सोनेलाल कश्यप, मनीष सिंह जाटव, मुंनबर अली, हिमांशु यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब आगरा न्यू ने चिकित्सा शिविर लगा किया पौधारोपण

एनएनआई



**आगरा।** रोटरी क्लब आगरा न्यू ने रोटरी वर्ष 2025-26 के पहले दिन 1 जुलाई को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्यों का आयोजन कर समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

क्लब के ट्रेनर और पूर्व सहमंडल अध्यक्ष डॉ. पंकज नगायच ने बताया कि क्लब ने 10 स्थानों पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर और 10 स्थानों पर पौधारोपण किया। पूर्व अध्यक्ष डॉ. अशोक दुनेरिया ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए कुल 501 स्कूल बैग वितरित किए जाएंगे। इसी क्रम में राजकीय प्राथमिक विद्यालय अंगूठी में 230 और प्राथमिक विद्यालय बोदला में 105 बैग दिए गए। क्लब अध्यक्ष डॉ. योगेश सिंघल ने कहा कि क्लब प्रत्येक माह एक मेडिकल कैंप और एक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करेगा। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ भी नियमित जागरूकता अभियान चलाएगा। चिकित्सा दिवस के अवसर पर क्लब सचिव पवित्र शर्मा ने सभी आगंतुकों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कोषाध्यक्ष यतीश सिंह, चार्टर मेंबर अरुण सिंह, डॉ. रजनीश सिंह, मनोज बजाज, इंद्रेश प्रताप सिंह, डॉ. डीके शर्मा, डॉ. अजय अरोड़ा, सुमित वार्ष्णेय, ग्राम प्रधान, विद्यालय स्टाफ और अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# ब्रज डेवलपमेंट फाउंडेशन ने समाज सेवकों को किया सम्मानित

**डॉक्टर्स डे और सीए डे पर किया सम्मान समारोह का आयोजन**

एनएनआई



**आगरा।** ब्रज डेवलपमेंट फाउंडेशन ने डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे पर समाज के दो प्रेरणास्रोत व्यक्तित्वों को सम्मानित किया। दिव्यांगों की सेवा में जीवन समर्पित करने वाले डॉ. वीके गुप्ता और पेशे में पारदर्शिता व निष्ठा का प्रतीक वरिष्ठ सीए महेश अग्रवाल को उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

डॉ. वीके गुप्ता, विकलांग सहायता संस्था मथुरा और दिव्यांग सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट आगरा के संस्थापक हैं। वे पिछले 40 वर्षों से दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और शिक्षा हेतु प्रेरित करने का कार्य कर रहे हैं। फाउंडेशन के सदस्यों ने उनके कोस्तुंभ भावना एस्टेट स्थित आवास पर जाकर उन्हें सम्मान पत्र भेंट किया। इसी क्रम में 1969 में सीए बने महेश अग्रवाल को भी सम्मानित किया जाएगा। वे 56 वर्षों से अपने पेशे में ईमानदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल बने हुए हैं। उनके परिवार के 6 सदस्य भी सीए हैं। फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल रावी ने कहा कि ये दोनों व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणा हैं। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सीएस अनुज अशोक, एडमिनिस्ट्रेटर राकेश सक्सेना सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डॉक्टर्स डे: अपने अंदाज में झूमे चिकित्सक

## सूरसदन में भांगड़ा और रैम्प वॉक से बांधा समां



एनएनआई

**आगरा।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, आगरा शाखा द्वारा सूरसदन सभागार में आयोजित सांस्कृतिक संध्या अत्यंत भव्य और सराहनीय रही। इस शानदार कार्यक्रम में 450 से अधिक डॉक्टरों ने सहभागिता की, जबकि करीब 70 डॉक्टरों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में हिस्सा लिया।

आईएमए सचिव डॉ. राजनीश मिश्रा ने बताया कि यह एक अद्भुत संध्या थी, जिसमें डॉक्टरों ने न केवल अपने व्यावसायिक जीवन से बाहर आकर रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, बल्कि एकता, उत्साह और भारतीय सांस्कृतिक विरासत का सुंदर प्रदर्शन भी किया। आईएमए अध्यक्ष डॉ. अनूप दीक्षित ने बताया कि यह कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित रहा, जिसकी शुरूआत डॉ. योगेश दीक्षित एवं डॉ आर एन द्विवेदी एवं डॉ. प्रीतुल सक्सेना द्वारा प्रस्तुत भजनों की मधुर संगति सिंफनी ऑफ भजन्स से हुई। इसके पश्चात डॉ. राजीव पचौरी एवं डॉ. दीपा पचौरी द्वारा हमारे वरिष्ठ एवं दिवंगत चिकित्सकों को एक भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिसने सभी की आंखें नम कर दीं।

'छिछोरे ग्रुप' द्वारा डॉ. सुरेन्द्र पाठक और डॉ. योगेश सिंघल के नेतृत्व में प्रस्तुत एक हास्यपूर्ण किंतु शिक्षाप्रद नाटक ने दर्शकों को हँसते-हँसते सोचने पर मजबूर कर दिया। अर्जुन नगर डॉक्टर्स एसोसिएशन द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय कथक नृत्य, शाहगंज डॉक्टर्स एसोसिएशन द्वारा ऊर्जा से भरपूर फ्यूजन डांस, ताज डॉक्टर्स एसोसिएशन द्वारा भावपूर्ण फ्लेमेंगो डांस तथा कमला नगर डॉक्टर्स एसोसिएशन द्वारा प्रस्तुत पंजाबी गिद्धा और भांगड़ा ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और सांस्कृतिक विविधता को एक मंच पर लाकर खड़ा किया।

कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही रैम्प वॉक। इस शो में आईएमए कैबिनेट के सदस्यों ने शोस्टॉपर बनकर मंच पर अपनी विशेष छाप छोड़ी। पूरे आयोजन को सांस्कृतिक सचिव डॉ. अमिता सिंह ने अत्यंत कुशलता से संयोजित किया। उन्होंने कहा, सभी डॉक्टरों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। जैसा कि हम कहते हैं—संस्कृति हमें जोड़ती है—आज इस मंच पर यह बात हर रूप में सिद्ध हुई।

## एसएन में वरिष्ठ चिकित्सकों को किया सम्मानित

एनएनआई

**आगरा।** एसएन मेडिकल कॉलेज में उल्लासपूर्ण के साथ डॉक्टर दिवस मनाया गया। कॉलेज सभागार में प्राध्यापक, छात्र और स्टाफ एकत्रित हुए। एमबीबीएस 2022 द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ प्रशांत गुप्ता, मुख्य अतिथि डॉ एके गुप्ता पूर्व विभाग अध्यक्ष मेडिसिन विभाग ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सम्मान समारोह में वरिष्ठ चिकित्सकों, अनुभवी प्रोफेसरों व रेजिडेंट चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। सभी डॉक्टर को फूल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजन करने में डॉ दिव्या श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष फिजियोलॉजी विभाग का प्रमुख योगदान रहा।





प्रधानाचार्य डॉ प्रशांत गुप्ता ने भावपूर्ण वक्तव्य में कहा कि चिकित्सक धरती पर भगवान का दूसरा रूप हैं' हमारे अमूल्य जीवन को बचाने में इनकी भूमिका अनमोल है। समारोह में चिकित्सा शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य व नाट्य के माध्यम से भावनाओं का प्रदर्शन किया, जो आयोजन को और जीवंत बनाता है। छात्र-छात्राओं ने डॉक्टरों के समर्पण व सेवा पर कविताएँ पढ़ीं। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष प्रमुख अधीक्षक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सभी डॉक्टर गण उपस्थित रहे। साथ ही मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में डॉक्टर दिवस के अवसर पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन भी किया गया।

## डाक्टरों एवं सीए को किया सम्मानित

**आगरा** एनएनआई। लायंस क्लब आफ आगरा ने डॉक्टर-डे एवं सीए-डे पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। सम्मान समारोह में आगरा शहर के प्रख्यात डॉ के.के. विश्वानी (हार्ट एंड डाइबिटीज), डॉ पद्मा विश्वानी (गायनिक), डॉ मधुकर गुप्ता (यूरोलॉजिस्ट), डॉ समृद्धि गुप्ता (नैफ्रोलोजिस्ट), डॉ मनोज गोलास, डॉ राहुल चाहर, सीए वी. के. श्रोर्तिया, सीए अभिषेक अग्रवाल, सीए अर्चित अग्रवाल, सीए प्रियांशी अग्रवाल को पटके एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।





समारोह में डॉ के. के. विश्वानी ने अपने वक्तव्य में कहा कि आजकल पाश्चात्य खान-पान एवं फास्ट लाइफ की जीवन शैली ने मनुष्य के स्वास्थ्य को प्रभावित किया हुआ है यदि योगासन एवं अपने खान-पान को सही तरीके से इस्तेमाल किया जाये तो हृदय रोग एवं डायबिटीज जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। डॉ विश्वानी ने विस्तार से बताया कि डॉक्टर-डे और सीए-डे क्यों मनाया जाता है। सम्मान समारोह में लायन लक्ष्मी देवी गोयल (अध्यक्ष), लायन गिर्राज किशोर अग्रवाल (सचिव), लायन धीरेन्द्र तायल, लायन राजेश गोयल, लायन किशोरी श्याम गोयल, लायन वी के श्रोर्तिया, लायन के सी अग्रवाल, लायन गोविंद प्रसाद सिंघल, लायन मुनीस बैरी, लायन ब्रज मोहन अग्रवाल, लायन आनंद उपस्थित रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में हुआ चिकित्सक जन संवाद

एनएनआई

**आगरा।** मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में नेशनल मेडिकोज एसोसिएशन के द्वारा चिकित्सक जन संवाद के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन डॉ. पार्थ सिंह बघेल, जूनियर रेजीडेन्ट, मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय, आगरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा अनुपन गुप्ता, अध्यक्ष द्वारा की गयी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री संजीव माहेश्वरी, चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा विशिष्ट अतिथि डा पवन गुप्ता रहें। कार्यक्रम जन संवाद में शहर के लगभग 100 वरिष्ठ चिकित्सक, समाजसेवी, आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलित, राष्ट्रगान एवं धन्वंतरी भगवान पर पुष्प अर्पित करने के साथ हुआ। कार्यक्रम में डा आनंद राय ने मेडिकल ट्यूरिज्म की सम्भावनाओं और इससे सम्बन्धित आधारभूत



संरचना, प्रयास में देरी, कार्य न होने का प्रश्न उठाया जिसपर एनएमओ अध्यक्ष, डॉ. अंकित गुप्ता के द्वारा अवगत कराया गया कि इस विषय पर चिकित्सकों के साथ-साथ राज्य को नीतिगत निर्णय लेने होंगे, जिससे आगरा के पर्यटन के साथ चिकित्सकीय एवं जन संवाद को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

डॉ. पवन गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया कि प्रत्येक समाज का फैमिली फिजिशियन होना चाहिए जिससे सामान्य बीमारियों में अनावश्यक खर्चो से बचा जा सकें। इसके साथ-साथ दवाईयों की कीमत राज्य सरकार द्वारा तय की जाती है तथा प्रत्येक मरीज को आहवान किया गया कि जन औषधि केन्द्र में उच्च गुणवत्ता की सस्ती औषधियों को लाभ प्राप्त करें। डा पार्थ सिंह बघेल, जूनियर रेजीडेन्ट, मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय, आगरा द्वारा वरिष्ठ चिकित्सक एवं अन्य से प्रश्न किया गया कि युवा चिकित्सक आज के विपरीत परिस्थिति में मनोबल बनाये रखे जब किसी अन्य कारणों से अविश्वास के कारण निर्दोष चिकित्सकों को निशाना बनाया जाता है।

# पंजाबी सभा महानगर ने सेवा कार्यो, महापुरुषों की जयंती के लिए बैठक कर बनाई रणनीति

एनएनआई

**आगरा।** पंजाबी सभा महानगर आगरा की आवश्यक बैठक पंजाबी सभा महानगर अध्यक्ष सर्व प्रकाश कपूर की अध्यक्षता में बाई पास रोड स्थित माल पर आयोजित हुई बैठक में आगामी जुलाई, अगस्त एवं सितंबर तक के कार्यक्रम आयोजन पर विस्तृत चर्चा हुई।

मानसून सीजन में पंजाबी सभा की प्रत्येक इकाई में वृक्षारोपण करने का प्रण लिया गया।सभी कॉलोनी एवं अपार्टमेंट में पंजाबी सभा के विभिन्न



सदस्य अपने बुजुर्गों के नाम पर पौधे लगाकर समाज के तरफ से वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लेकर पर्यावरण के प्रति अपना कर्तव्य निभाएंगे।अगस्त माह में स्वास्थ्य शिविर लगाकर रक्त जांच,आथोपेडिक एवं महिला संबंधी रोगों पर ओपीडी जांच की जाएगी।सितंबर माह में आने वाली शहीद भगत सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न विद्यालयों में पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिता,रक्तदान शिविर एवं जन्मदिन पर रंगा रंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

डॉक्टर्स दे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दे के अवसर पर सभी चिकित्सकों एवं सी ए विशेषज्ञों को सर्व सम्मति से बधाई दी गई।पंजाबी सभा महानगर आगरा अध्यक्ष सर्व प्रकाश कपूर जी को 69 वे जन्मदिवस की बधाई भी सभी सदस्यों द्वारा दी गई।आज की बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष सर्व प्रकाश कपूर,महामंत्री भारत भूषण एडवोकेट, कोषाध्यक्ष सुरेश भांबरी, संजीव कपूर, विश्वनाथ जुनेजा, मनोज नागपाल, रोमित कपूर, रोहित कत्याल,विशाल विज,डॉक्टर रजत कपूर,सोनू कक्कड़,अमित कौरा आदि उपस्थित रहे।

# प्रजनन काल में वन्य और जलीय जीवों से दूर रहें

एनएनआई



**पिनाहट।** मंगलवार को चंबल नदी पिनाहट घाट और बासोनी गांव में लोगों को जागरुक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें रेंजर बाह कुलदीप सहाय पंकज ने ग्रामीणों को बताया कि इस समय वन्य जीव और जलीय जीवों के प्रजनन का समय चल रहा है। घड़ियाल और मगरमच्छों के अंडों से बच्चे निकल रहे है। साथ ही वन्य जीवों में भी प्रजनन हो रहा है। प्रजनन काल के दौरान ये सभी जीव हमलावर हो जाते हैं। ऊपर से इस वर्ष चंबल नदी में पानी और वर्षो की अपेक्षा जल्दी आने से जलीय जीव हमलावर हो चुके हैं। ऐसे में लोग नदी किनारे या जंगल में नहीं जाए। विशेष आवश्यक कार्य होने पर पूरी सावधानी के साथ वो भी अकेले न जाए। क्योंकि नदी के किनारे रखे अंडों से बच्चे निकल रहे हैं। जलीय जीव वहां तक आते जाते हैं। ऐसे में आप पर हमला हो सकता है। साथ ही कोई भी जीव हमलावर अवस्था में या असुरक्षित स्थान पर दिखाई दे तो आप लोग उससे दूर रहें और तत्काल वन विभाग को सूचना दे। रेंजर बाह ने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम किये जा रहे हैं जिससे लोग दुर्घटना का शिकार न बन पाए।

## हवन यज्ञ के साथ अटल महाविद्यालय का शुभारंभ



**बाह** एनएनआई। चंबल के बीहड़ में बसे बाह के पुरा बाघराज गांव में 8.72 करोड़ की लागत से बने अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को अखंड रामायण पाठ एवं हवन यज्ञ के साथ नये सत्र की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हुई। पहले दिन प्रवेश पाने वाली छात्राएं विधायक पक्षालिका सिंह के साथ मुस्करा उठी। हवन यज्ञ पूजन के बाद विधायक पक्षालिका सिंह ने महाविद्यालय परिसर में पौधा रोपण कर लोगों को हरियाली विस्तार के लिए पौधे लगाने की शपथ दिलाई। प्राचार्य डॉ.चंद्रपाल सिंह तोमर की मांग पर उन्होंने विधायक निधि से वाटर कूलर और आरओ लगवाने की घोषणा की और कहा बीहड़ क्षेत्र की बेटियों का अब उच्च शिक्षा का सपना पूरा हो सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुरा बाघराज और बटेश्वर में राजकीय महाविद्यालय स्वीकृत किए जाने पर उन्होंने आभार जताया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख लाल सिंह चौहान, सत्यवीर सिंह, हरनरायन सिंह भदौरिया, पवन भदौरिया, अल्केन्द्र जादौन, दिनेश सिंह, संतोष सिंह, गणेश सिंह, शेर बहादुर सिंह, शस्त्रुघन सिंह, सौरभ शर्मा, संजीव शर्मा, मनमोहन आदि मौजूद रहे।

# गोल्फ कार्ट चालक से टेंपो चालक ने की मारपीट

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** गुलिस्तां पार्किंग से चलने वाले अवैध ऑटो चालकों का विरोध करने पर ऑटो चालक द्वारा गोल्फ कार्ट संचालक की बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया और उससे मारपीट की गई उक्त मामले में थाना पुलिस को तहरीर दी गई है।

बता दें गुलिस्ता पार्किंग से कुछ ऑटो चालकों द्वारा अवैध रूप से स्मारकों तक ले जाने का झांसा देकर पर्यटकों को ले जाया जाता है और सहाकुली तिराहे पर छोड़ दिया जाता है उक्त संचालन से आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित गोल्फ कार्ट संचालकों को आर्थिक मंदी का सामना करना पड़ता है उक्त संबंध में गोल्ड कार्ड संचालक द्वारा जब ऑटो चालकों का विरोध किया गया तो उनके द्वारा मारपीट की धमकी दी जाती रही है। उक्त संबंध में एक सप्ताह पूर्व रोहित शर्मा द्वारा थाना पुलिस को सूचित भी किया गया था मंगलवार अपराह्न गोल्फ कार्ट चालक अशोक कुमार जब अपनी बाइक से जोधावाई पार्किंग में गोल्फ कार्ट चेक कर वापस लौट रहा था। इसी दरमियान एक ऑटो चालक द्वारा अपनी गाड़ी से बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया और उससे मारपीट कर गंदी गालियां दी उक्त मामले में गोल्फ कार्ट चालक अशोक कुमार द्वारा थाना पुलिस को तहरीर सौंपी गई है।

## कार की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**कोसमा/मैनपुरी** एनएनआई। शौच कर घर वापस लौट रहे वृद्ध को एक अज्ञात ईको चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वृद्ध की मौके पर ही मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार साठ वर्षीय रोशनलाल पाल पुत्र गुरुशरण निवासी फाजिलपुर रोज की भांति सुबह सात बजे शौच कर घर वापिस आने के लिए सड़क पार कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार ईको कार की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना को खेतो में कार्य कर रहे लोगो ने देखा तो चीरखपुकर मच गई। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी कोसमा दर्शन सिंह मौके पर पहुंच गए और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# मृतकों के परिवारों को आर्थिक मदद के लिए यूपी और राजस्थान के सीएम को पत्र लिखेंगे सांसद

एनएनआई



**फतेहपुर सीकरी।** रविवार को राजस्थान सीमा में मिट्टी की ढाय गिरने से हुए दर्दनाक हादसे में यूपी के ग्राम उत्तू निवासी तीन महिला समेत चार की मौत के बाद सांसद राजकुमार चाहर ने मृतकों के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी एवं कहा कि मृतकों के परिवारों को हर संभव आर्थिक सहायता दिलाने के लिए प्रयास करेंगे। उक्त संबंध में वे राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं यूपी के मुख्यमंत्री दोनों को पत्र लिखकर आर्थिक मदद दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर सांसद राजकुमार चाहर ने हादसे में घायल दिनेश कुमार से भी वार्ता कर ईश्वर से शीघ्र ही स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने बताया कि हर संभव मदद दिलाने के लिए आगरा जिलाधिकारी से भी वार्ता करेंगे इस दौरान-एसडीएम नीलम तिवारी, प्रभारी निरीक्षक आनंद वीर सिंह ,बंटी सिसोदिया,धसू सरपंच,अमरपाल मुखिया सत्येंद्र सिंह यादव व अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जयंती शताब्दी समारोह में शिक्षा एवं क्रांति की यादें हुई ताजा

एनएनआई



**बाह।** भदावर पीजी कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य बीएल तिवारी की जयंती के शताब्दी समारोह में मंगलवार को उनकी शिक्षा एवं क्रांति से जुड़ी हुई यादें ताजा हो गई। वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा कर कहा कि भदावर क्षेत्र में शिक्षा एवं क्रांति के लिए चंबल के बीहड़ के अग्निपथ पर चले अक्षर पुरुष बीएल तिवारी का संपूर्ण जीवन एक प्रेरक दस्तावेज है। उन्होंने भदावर के आंगन में शिक्षा की ज्योति जलाई। ब्रिटिश हुकूमत का दमन चक्र झेला,जेल गये,झुके नहीं,डरे न रुके। समारोह में उनके जीवन के अनछुए पहलुओं को समेटे अक्षर पुरुष पुस्तक का विमोचन किया गया। मुख्यवक्ता रुहेल खंड एवं कुमायूं विश्व विद्यालय के पूर्व उप कुलपत एवं मुख्यवक्ता डॉ. केएस राना ने बीएल तिवारी के व्यक्तित्व का बखान करते हुए कहा कि उनके कालखंड में अंग्रेजों के नाम पर छात्रावास थे। जिन्हें उन्होंने बदल कर रानी लक्ष्मीबाई,महाराणा प्रताप, यशोदा आदि महापुरुषों के नाम दिया। बीएल तिवारी ने भदावर कॉलेज के जरिए यही प्रेरक मिसाल छोड़ी है। उनकी प्रेरणा से भदावर ने हर क्षेत्र शक्ति में अपनी छाप छोड़ी है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायधीश विनोद मिश्रा भदावर कॉलेज में अपने पढ़ाई के दिनों की बीएल तिवारी से जुड़ी हुई स्मृतियों को साझा कर भावुक हो गये।

शिक्षाविद डॉ. मदनगोपाल सिंह भदौरिया ने कहा कि बीएल तिवारी बाह की थाती है,आने वाली पीढ़ियों के लिए उनका व्यक्तित्व प्रेरणा का पुंज है। प्रबंधक डॉ. गीता यादव ने बीएल तिवारी के शिक्षा में योगदान को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास का भरोसा देते हुए जयंती और पुण्यतिथि को व्यापक रूप में मनाए जाने का संकल्प लिया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. महेन्द्र कुमार ने एवं संचालन बीएल तिवारी के बेटे शंकर देव तिवारी ने किया। कार्यक्रम में सम्मानित लोग डॉ. केएस राना, वीके मिश्रा, गजेन्द्र सिंह भदौरिया,अजय भदौरिया, डॉ.गीता यादव, डॉ. महेन्द्र कुमार, डॉ. शिवशंकर कटारे, अशोक तिवारी, नरेश सक्सेना, श्यामसुंदर पाराशर, भदावर कॉलेज के सेवा निवृत्त शिक्षक, कर्मचारी, बीएल तिवारी इस दौरान-रामसेवक शर्मा, राजबहादुर शर्मा, सतीश पचौरी, आशुतोष नेहरू, शरद शर्मा, हृदय नरायन शर्मा, कृपा नरायन शर्मा, मानवेन्द्र सिंह राठौड, मुकेश शर्मा, श्याम शर्मा, विनोद सिंह प्रधान, वीके शर्मा, अभिलाश शर्मा, डॉ.अनिल गौतम, मुन्नालाल पचौरी, श्याम विधौलिया, सुरेश पचौरी, ब्रह्मदत्त शर्मा,अहिवरन सिंह परिहार, विजतेन्द्र गुप्ता, मुरलीधर शर्मा, नरेन्द्र तानाजी, शिवशंकर बोहरे, विशाल चतुर्वेदी,लक्ष्मी नरायन गुप्ता, अजय कसेरे,रामशंकर गुप्ता, विनोद सांवरिया आदि मौजूद रहे।

# नगला खुशहाली में स्कूल मर्ज होने पर छात्र छात्रों में आक्रोश

एनएनआई

**कोसमा/मैनपुरी।** घिरोर विकास खंड के प्राथमिक पाठशाला कोसमा द्वितीय नगला खुशाली स्कूल मर्ज होने की खबर पर छात्र छात्राओं का गुस्सा फूट पड़ा अभिवाबको के साथ शिक्षण सत्र के पहले दिन ही हाथों में स्लोगन लिखी पट्टिकाए लेकर मर्जर नीति के विरुद्ध नारे बाजी की और शिफ्ट किए गए स्कूल में पढ़ने जाने से इंकार कर दिया बच्चा बच्चा करे पुकार मत छीनो शिक्षा का अधिकार, लिखी तख्तियां हाथो में लेकर ग्रामीणों ने एक घंटे तक सरकार की इस नीति के खिलाफ नारेबाजी की बच्चों ने एक स्वर में कहा कि स्कूल मर्ज होने दशा में वह तीन किलोमीटर दूर शिक्षा ग्रहण करने नही जा सकते। गांव का रास्ता ऐसा है कि छोटे छोटे बच्चे उस रास्ते पर तीन किलोमीटर नही चल सकते जिससे उनकी शिक्षा बाधित होगी। बच्चो के साथ प्रदर्शन में आए सैकड़ो अविभावकों ने सरकार पर बच्चो को शिक्षा से वंचित करने का आरोप लगाया। लोगों ने जिलाधिकारी से स्कूल मर्ज न करने की मांग करते हुए कहा कि पहले शिक्षा के स्तर में सुधार करवाया जाय ताकि इन्ही स्कूलों में छात्र संख्या को बढ़ाया जा सके। शिक्षा के स्तर को देखते हुए तमाम लोग अपने बच्चो को अच्छी शिक्षा के लिए शहर भेज देते है। इस दौरान-कृपाल सिंह, मोहर पाल सिंह, धर्मवीर सिंह राही, रामगोपाल, ओमवीर सिंह, कायम सिंह, वीरभान सिंह, भूपेंद्र, राजबीर सिंह, श्रीकिशन, मुन्नालाल, अखिलेश, वीरपाल, यादवेंद्र, रमेश चंद, पुष्पा देवी, सोनी देवी, शाक्षी, मिथलेश, गुड्डी सरला देवी मौजूद रही।

newsnextindia1@gmail.com

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया



# संपादकीय

## समीकरण बदलेगी जाति गणना



पांच साल की देरी के बाद जनगणना होने जा रही है, जो 2026 में शुरू होकर एक मार्च 2027 को पूरी होगी।बहरहाल, वैसे तो हर बार जनगणना खास होती है क्योंकि उससे देश की वास्तविक तस्वीर सामने आती है। उससे सिर्फ आबादी का आंकड़े पता नहीं चलता है, बल्कि आबादी की आर्थिक सेहत, सामाजिक हैसियत और शैक्षिक स्थित का भी हाल पता चलता है। लेकिन इस बार की जनगणना ज्यादा खास इस वजह से है क्योंकि आजादी के बाद पहली बार जातियों की गिनती होगी और साथ ही जनगणना के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन का काम होगा। महिला आरक्षण को भी इसमें जोड़ लें तो इसका महत्व और बढ़ जाएगा। भारत में आखिरी बार अंग्रेजों के जमाने में 1931 में जातियों की गिनती हुई थी। अभी तक उसी औपनिवेशिक सरकार के आंकड़ों के आधार पर जातियों की संख्या का अनुमान लगाया जाता है। अनुसूचित जाति और अनुसूजित जनजातियों की गिनती हर जनगणना में होती है लेकिन इस बार इनके अलावा भी बाकी जातियों की गिनती होगी। इसका मतलब है कि जो आंकड़ा अनुमानों पर आधारित है उसकी वास्तविकता सामने आएगी। कई जातियों और जातीय समूहों को लेकर बनी धारणा में बदलाव आ सकता है। आजादी के बाद भारत में आबादी बढ़ने की दर बहुत ज्यादा थी लेकिन पिछले दो दशक में स्थितियां बदली हैं। कई राज्यों और कई समूहों के बीच प्रजनन दर में कमी आई है और दो चार राज्यों को छोड़ कर ज्यादातर जगहों पर जनसंख्या बढ़ोतरी की दर रिप्लेसमेंट रेट यानी 2.1 फीसदी की दर तक पहुंच गई है।कुछ जातियों की आबादी औसत से ज्यादा बढ़ी होगी और कुछ जातियों की कम हुई होगी। सो, संख्या के आधार पर जातियों के वर्चस्व का मिथक भी जाति जनगणना के आंकड़ों से टूटेगा। इसका सबसे ज्यादा असर राजनीति पर होगा लेकिन समाज भी निश्चित रूप से प्रभावित होगा।जनगणना में सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थिति के आंकड़े जुटाए जाएंगे।इस पर दो कारणों से सबकी नजर रहेगी। पहला कारण तो यह है कि पिछले 11 साल में यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में विकास और बदलाव का जो दावा किया जा रहा है उसकी सचाई सामने आएगी।दूसरा कारण यह है कि आर्थिक व शैक्षिक आंकड़ों से आरक्षण की व्यवस्था पर भी असर हो सकता है।पिछड़े, दलित और आदिवासी समूहों में कुछ जातियां ऐसी हैं, जिनका दर्जा बहुत ऊंचा हो गया है और आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था का अधिकतम लाभ उन्हीं को मिलता है, जबकि सैकड़ों जातियां हर पैमाने पर सबसे पीछे होने के बावजूद सरकार के एफर्मेटिव एक्शन के लाभ से वंचित रह जाती हैं। इस बार की जनगणना के आंकड़े आने के बाद इस स्थिति को बदलने वाले कदम उठाए जा सकते हैं।शुरूआती खबरों में बताया गया है कि सरकार ओबीसी जातियों को एक समूह के तौर पर नहीं गिनने वाली है, बल्कि अलग अलग जातियों की गिनती होगी। ओबीसी जातीय समूह और उनके नेता इसका विरोध कर रहे हैं। उनको लग रहा है कि इससे एक समूह के तौर पर उनकी राजनीतिक और सामाजिक हैसियत घटाने का काम किया जा रहा है।बिहार में हुई जाति गणना में भी इस किस्म का विवाद हुआ था। दूसरी समस्या आंकड़ों की शुचिता को लेकर उठने वाले सवालों से आएगी। कर्नाटक में जाति गणना के आंकड़ों को लेकर यह विवाद हो चुका है। वहां लिंगायत और वोक्कालिगा दोनों आरोप लगा रहे हैं कि उनकी आबादी कम बताई गई है और ओबीसी की आबादी ज्यादा बताई गई है।गौरतलब है कि जाति गणना के समय ओबीसी समुदाय के सिद्धारमैया मुख्यमंत्री थे। ऐसे ही बिहार में जाति गणना के समय कुर्मी जाति के नीतीश कुमार मुख्यमंत्री थे और तेजस्वी यादव उप मुख्यमंत्री थे। मुकेश सहनी ने इन दोनों पर निशाना साधा था और कहा था कि अति पिछड़ा समाज के मल्लाहों को उपजातियों में बांट दिया गया, जबकि ताकतवर यादव व कुर्मी के साथ ऐसा नहीं किया गया। ऐसे ही अब भाजपा की सरकार जाति गणना करा रही है तो इसके लिए तैयार रहना चाहिए कि कई समूहों की ओर से इसके आंकड़ों पर सवाल उठाए जाएंगे।जातियों की गिनती के अलावा दूसरी अहम बात परिसीमन की है। 1973 के बाद भारत में लोकसभा सीटों का परिसीमन नहीं हुआ है। अटल बिहारी वाजपेयी के समय संविधान में एक संशोधन के जरिए लोकसभा सीटों पर लगाई गई रोक को जारी रखा गया था ।लेकिन जब भी होगा परिसीमन का मसला उत्तर दक्षिण के विवाद को बढ़ाने वाला होगा।


# सुबह उठकर पहले करें ये तीन काम बदल सकती है आपकी किस्मत



डॉ. शिल्पा जैन (ज्योतिषाचार्य)



सुबह का समय शांति और ऊर्जा से भरपूर होता है। जिस तरह से आप अपने दिन की शुरूआत करते हैं, उसी तरह पूरे दिन की दिशा तय होती है। सुबह के समय को बेहद शुभ माना जाता है। यदि आप प्रतिदिन प्रात:काल कुछ विशेष कार्य करते हैं, तो न केवल मानसिक शांति मिलती है, बल्कि सेहत, शिक्षा, व्यापार और धन संबंधी मामलों में भी शुभ परिणाम मिलने लगते हैं। आइए जानते हैं ऐसे तीन आसान लेकिन प्रभावशाली काम, जो आपके दिन को सकारात्मक ऊर्जा से भर सकते हैं।



**आंख खुलते ही हथेलियों का दर्शन करें**

सुबह नींद से जागते ही सबसे पहले अपनी दोनों हथेलियों को जोड़कर देखें। इसके साथ ही यह मंत्र का जाप करें, "कराग्रे वसते लक्ष्मी, करमध्ये सरस्वती। करमूले तु गोविन्द, प्रभाते करदर्शनम्।" फिर हथेलियों को आपस में रगड़कर अपनी आंखों पर स्पर्श करें। ऐसा करने से दिनभर मानसिक स्थिरता बनी रहती है और धन संबंधी परेशानियों से मुक्ति मिलती है। साथ ही मां लक्ष्मी की कृपा भी प्राप्त होती है।

**धरती माता को प्रणाम करें**

बिस्तर से उठते ही धरती माता को स्पर्श कर प्रणाम करें और यह मंत्र बोलें, "समुद्र-वसने देवि, पर्वत-स्तन-मंडिते। विष्णु-पत्नि नमस्तुभ्यं, पाद-स्पर्शं क्षमस्व मे।" ऐसा करने से मन में विनम्रता आती है और मानसिक संतुलन बना रहता है। विशेषकर जो लोग अधिक सोचते हैं या तनाव से ग्रसित रहते हैं, उनके लिए यह उपाय बहुत लाभकारी है।

### इन 5 दिव्य नामों का स्मरण करें

प्रातः उठकर पांच विशेष दिव्य नामों का स्मरण अवश्य करें, श्री प्रह्लाद जी, हनुमान जी, देवर्षि नारद, माता शबरी, और अपने कुल देवी-देवता। इनका स्मरण दिन की शुभ शुरूआत करता है और जीवन में चल रही परेशानियों से उबरने में मदद मिलती है।

इन उपायों में सकारात्मक सोच और ऊर्जा का संचार है। जब आप इन्हें नियमित रूप से करते हैं, तो मन शांत होता है और दिन बेहतर बीतता है।

# घर की इस दिशा में रखें मोर पंख

कई बार कड़ी मेहनत करके लोग पैसा तो कमा लेते है, लेकिन घर में पैसा टिक नहीं पाता है। बहुत से लोगों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। अगर आप इस समस्या का सामना कर रहे हैं, तो इसका एक कारण आपके घर में वास्तु दोष भी हो सकता है। इसके समाधान के लिए आप विभिन्न वास्तु उपाय आजमा सकते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार मोर पंख को बेहद पवित्र और शुभ प्रतीक माना गया है। यह भगवान श्रीकृष्ण का प्रिय वस्त्र है, जिसे वे सदैव अपने मुकुट में धारण करते हैं। ऐसा माना जाता है कि घर में सही दिशा में मोर पंख रखने से न सिर्फ सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, बल्कि धन-संपत्ति में भी वृद्धि होती है।



**दूर होंगे वास्तु दोष**

वास्तु विशेषज्ञों के अनुसार मोर पंख नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करता है और सकारात्मकता को बढ़ावा देता है। यदि इसे उचित स्थान पर रखा जाए, तो यह आर्थिक संकटों को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है। माना जाता है कि मोर पंख के प्रभाव से घर में कलह कम होता है और समृद्धि बनी रहती है। लेकिन इसका असर तभी होता है जब इसे सही दिशा में रखा जाए।

**मोर पंख रखने के लिए सही दिशा**

मोर पंख रखने के लिए घर की पूर्व दिशा या उत्तर दिशा सबसे शुभ मानी जाती है। इन दिशाओं में इसे रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहित होती है और परिवार के सदस्यों में सुख-शांति बनी रहती है। यह न सिर्फ मानसिक शांति देता है, बल्कि आर्थिक समृद्धि को भी बढ़ाता है।

**पूजा स्थल और तिजोरी में रखें**

मोर पंख को आप अपने पूजा घर में भी स्थान दे सकते हैं। ऐसा करने से भगवान श्रीकृष्ण की कृपा बनी रहती है और घर में आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ती है।

इसके अलावा यदि मोर पंख को तिजोरी में रखा जाए, तो यह धन वृद्धि में सहायक होता है। समय के साथ घर में पैसों की परेशानी कम होती जाती है।

# हुमा कुरैशी


## ने शेयर किया 'दिल थाम के' का बीटीएस वीडियो

राजकुमार राव की मालिक फिल्म का गाना दिल थाम के दर्शकों का बेहद पसंद आया। इस गाने में हुमा कुरैशी ने धांसू डांस किया है। वहीं आज हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पर इसका एक बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने आज राजकुमार राव की फिल्म मालिक का गाना दिल थाम के का एक शानदार बीटीएस  वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। हुमा ने इस बीटीएस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा कि बहुत खुशी के साथ शूट किया गया... और आप लोग गाने को जो प्यार दे रहे हैं, वह इसे और बेहतर बना रहा है।  हुमा की इस पोस्ट पर फैंस जमकर कमेंट कर अपनी राय शेयर कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा कि शानदार प्रदर्शन कभी भी आसान नहीं होता, बहुत प्रयास, ऊर्जा, तालमेल और व्यावसायिकता की आवश्यकता होती है, एक और फैन ने लिखा, दिल थाम के - सिर्फ शीर्षक ने ही मेरे दिल की धड़कन बढ़ा दी..., एक और फैन ने लिखा कि आप इतनी प्यारी क्यों है? फिल्म मालिक का निर्देशन पुलकित ने किया है। फिल्म का निर्माण कुमार तौरानी और जय शेवक्रमणी ने किया है। यह एक गैंगस्टर एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में राजकुमार राव के अलाना प्रोसेनजीत चटर्जी और मानुषी छिल्लर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 11 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# डिजिटल डेब्यू को तैयार वाणी कपूर

हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आईं अभिनेत्री वाणी कपूर अब अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। वो यशराज के नए शो में नजर आने वाली हैं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होना है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपनी नई सीरीज का पोस्टर जारी कर दिया है, इसमें वाणी कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आने वाली हैं। पोस्टर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी सामने आ गई है। नई सीरीज 'मंडाला मर्डर्स' का पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर में वाणी कपूर के साथ सुरवीन चावला, 'गुल्लक' फेम एक्टर वैभव राज गुप्ता और अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर नजर आ रही हैं। पोस्टर में वाणी बंदूक ताने दिख रही हैं, जबकि सुरवीन चाहला हाथ जोड़े महिला नेता के किरदार में नजर आ रही हैं। जबकि वैभव राज गुप्ता बियर्ड लुक में आंखों पर ब्लैक चश्मा लगाए दिख रहे हैं। पोस्टर में श्रिया पिलगांवकर काफी सजी-धजी खड़ी हैं। पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'हर वरदान में एक श्राप छिपा है। मोल चुकाने का वक्त जल्द आने वाला है।' इसके साथ ही इस सीरीज की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। नेटफ्लिक्स की ये नई सीरीज 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। इसे यशराज फिल्म ने प्रजेंट किया है।वाणी कपूर हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आई थीं। वो फिल्म में अजय देवगन के किरदार अमय पटनायक की पत्नी की भूमिका में नजर आई थीं। इसके अलावा सुरवीन चावला हाल ही में रिलीज हुए नेटफ्लिक्स के ही शो 'राणा नायडू' के दूसरे सीजन में दिखी थीं। इसके अलावा वो पंकज त्रिपाठी के शो 'क्रिमिनल जस्टिस' के चौथे सीजन में भी नजर आई हैं। वहीं श्रिया पिलगांवकर हाल ही में जी5 की सीरीज 'छल कपटः द डिसेप्शन' में नजर आई थीं।



newsnextindia1@gmail.com
न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर ख़बर पर पक्की नज़र


# भारत और इंग्लैंड दूसरा टेस्ट आज से

## बर्मिंघम में कभी नहीं जीता भारत, शुभमन बोले- बुमराह पर फैसला टॉस के दौरान लेंगे




**बर्मिंघम।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम पर खेला जाएगा। 143 साल पुराने इस ऐतिहासिक मैदान पर भारतीय टीम का रिकॉर्ड बेहद खराब है। टीम को यहां टेस्ट में अब तक एक भी जीत नसीब नहीं हुई। फिलहाल, शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम 5 मैचों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ रही है। टीम को पहले टेस्ट में 5 विकेट की हार झेलनी पड़ी। टीम इंडिया को सीरीज बराबर करने के लिए दूसरा टेस्ट जीतना ही होगा। मौजूदा स्क्वॉड में शामिल 18 में से 11 भारतीय प्लेयर्स के पास इस मैदान पर खेलने का अनुभव भी नहीं है। टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जसप्रीत बुमराह को प्लेइंग-11 में शामिल करने पर फैसला टॉस के दौरान लेंगे।

### एजबेस्टन में इंग्लैंड से टेस्ट नहीं जीता भारत

भारतीय टीम बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर पिछले 58 साल से टेस्ट मैच खेलते आ रही है। टीम ने यहां इंग्लैंड से पहला मैच 1967 में खेला था। तब से अब तक भारतीय टीम ने इस मैदान पर 8 टेस्ट खेले, लेकिन किसी में भी जीत नसीब नहीं हुई। भारतीय टीम ने यहां 39 साल पहले 1986 में एक ड्रॉ मैच खेला था, टीम को बाकी 7 मुकाबलों में हार मिली। भारतीय टीम ने इंग्लैंड में अपना सफर 1932 में शुरू किया था। तब से अब तक दोनों टीमों के बीच 137 टेस्ट मैच खेले गए। इनमें 52 टेस्ट इंग्लैंड ने अपने नाम किए, जबकि 35 मैच टीम इंडिया ने जीते। वहीं, 50 टेस्ट ड्रॉ भी रहे। भारत ने इंग्लैंड में 68 टेस्ट खेले और 9 ही मैच जीते, टीम ने यहां 22 टेस्ट ड्रॉ भी कराए हैं। हालांकि, 37 मुकाबलों में इंग्लैंड को जीत मिली।

# शमी अपनी पत्नी-बेटी को हर महीने देंगे 4 लाख रुपए

- कोलकाता हाईकोर्ट का आदेश, पिछले 7 साल से लागू होगा फैसला



**कोलकाता।** मोहम्मद शमी को कोलकाता हाई कोर्ट ने तलाक में अपनी पत्नी से अलग रहे हसीन जहां और बेटी आयरा को हर महीने 4 लाख रुपये देने का आदेश दिया है। मोहम्मद शमी को ये रुपये महीने के मेंटीनेंस के लिए देने होंगे। शमी के इस केस की सुनवाई 21 अप्रैल, 2025 को हुई थी, जिस पर 1 जुलाई, 2025 को फैसला आया । आदेश के मुताबिक हसीन जहां को 1.50 लाख रुपये और बेटी आयरा को 2.50 लाख रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। यह राशि पिछले सात साल से लागू होगी। वहीं, निचली अदालत को छह महीने में मामले का निपटारा करने का निर्देश दिया गया है।

### क्या है मामला?

कोलकत्ता हाईकोर्ट ने निचली अदालत को भी अगले छह महीने के अंदर इस केस को डिस्पोजल करने का आदेश दिया है। मोहम्मद शमी और हसीन जहां का निकाह 7 अप्रैल, 2014 में हुआ था। शादी के करीब एक साल बाद 17 जुलाई, 2015 को दोनों के एक बेटी ने जन्म लिया, जिसका नाम इन्होंने आयरा रखा। शमी को बेटी आयरा के होने के बाद पता चला कि हसीन जहां पहले से शादी-शुदा थी और उसके पहली शादी से दो बच्चे भी थे। मोहम्मद शमी की पत्नी ने क्रिकेटर और उनके परिवार पर हिंसा करने का आरोप लगाया। इसके बाद 2018 से ही इस मामले में सुनवाई चल रही है। इस पर फैसला पहले ही आ चुका है। लेकिन शमी की पत्नी को मिलने वाली राशी कम दिख रही थी, इसलिए उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 328 रन से टेस्ट हराया

## 153 रन बनाने वाले प्रिटोरियस प्लेयर ऑफ द मैच; कॉर्बिन बॉश को 5 विकेट



**बुलवायो।** साउथ अफ्रीका ने बुलवायो में हुए पहले टेस्ट में जिम्बाब्वे को 328 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। इसी के साथ मेहमान टीम ने 2 टेस्ट की सीरीज में 1-0 की बढ़त भी बना ली। डेब्यू टेस्ट में 153 रन की पारी खेलने वाले 19 साल के लुहान डी प्रिटोरियस प्लेयर ऑफ द मैच रहे। साउथ अफ्रीका से ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश ने पहली पारी में सेंचुरी बनाने के बाद दूसरी पारी में 5 विकेट भी लिए। टीम से दूसरी पारी में वियान मुल्डर ने 4 विकेट लिए, उन्होंने सेंचुरी भी लगाई। वहीं जिम्बाब्वे में शॉन विलियम्स ही सेंचुरी लगा सके। पहली पारी में चिवांगा को 4 विकेट बुलवायो में 28 जून को साउथ अफ्रीका ने बैटिंग चुनी। टीम ने पहली पारी 418/9 के स्कोर पर डिक्लेयर की। डेवाल्ड ब्रेविस ने 51 रन बनाए। जिम्बाब्वे से तनाका चिवांगा ने 4 और ब्लेसिंग मुजरबानी ने 2 विकेट लिए। वेलिंगटन मसाकादजा और विंसेंट मसेकेसा को 1-1 विकेट मिला।

जिम्बाब्वे से एक ही सेंचुरी लगी पहली पारी में जिम्बाब्वे की टीम 251 रन बनाकर सिमट गई। टीम से शॉन विलियम्स ही शतक लगा सके, उन्होंने 137 रन बनाए। कप्तान क्रैग इरविन ने 36, ब्रायन बेनेट ने 19, वेसले मधेवेरे ने 15 और विंसेंट मसेकेसा ने 11 रन बनाए। बाकी बैटर्स 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सके। साउथ अफ्रीका से वियान मुल्डर ने 4 विकेट लिए।

# स्मृति मंधाना आईसीसी टी-20 बैटर्स रैंकिंग में नंबर-3 पर

## इंग्लैंड के खिलाफ शतक का फायदा मिला, वनडे में नंबर-1 पर कायम

**नई दिल्ली।** इंडिया विमेंस क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना को कउठ टी-20 बैटर्स रैंकिंग में फायदा पहुंचा है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी-20 में सेंचुरी लगाने के बाद वे तीसरे नंबर पर पहुंच गईं। 112 रन की पारी खेलने के चलते मंधाना ने करियर बेस्ट 771 रेटिंग पॉइंट्स हासिल कर लिए। स्मृति वनडे रैंकिंग में नंबर-1 पर कायम हैं। टी-20 करियर की पहली सेंचुरी लगाई थी इंग्लैंड के खिलाफ शतक मंधाना का टी-20 इंटरनेशनल करियर में पहला ही शतक था। इसी के साथ वे तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाली भारत की पहली महिला क्रिकेटर बनीं। मंधाना मंगलवार रात 11 बजे से इंग्लैंड के खिलाफ अपना 150वां टी-20 भी खेलेंगी। भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाए रखी है। ताहलिया मैक्ग्रा को चौथे पर धकेला मंधाना ने करियर बेस्ट इनिंग खेलकर बैटर्स रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की ताहलिया मैक्ग्रा को चौथे नंबर पर धकेल दिया। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी पहले और वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज दूसरे नंबर पर बरकरार हैं। भारतीय प्लेयर्स में शेफाली वर्मा भी 1 नंबर की छलांग लगाकर 13वें स्थान पर पहुंच गईं। हरमनप्रीत कौर 12वें नंबर पर हैं। जेमिमा रोड्रिग्ज को 1 स्थान का नुकसान हुआ, वे 15वें नंबर पर पहुंच गईं। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी-20 में 23 गेंद पर 43 रन बनाने वालीं हरलीन देओल की बैटर्स रैंकिंग में वापसी हुई। वे 86वें नंबर पर पहुंच गईं।




# बुधवार, 02 जुलाई राशिफल

मेष राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आप आज धर्म अध्यात्म में रुचि लेगे। साथ ही आज आप दूसरों की मदद के लिए भी आगे आएंगे। वैसे कामकाज के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आप अपने काम पर फोकस करेंगे और समय पर काम को पूरा कर पाएंगे।

वृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन सुखद रहेगा। आप अपने काम में आज सफलता प्राप्त कर पाएंगे। कोई उत्साहजनक समाचार सुनने को मिल सकता है। अगर आप किसी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी से जूझ रहे थे तो वह भी आज दूर हो जाएगी।

मिथुन रशि के जातकों के लिए आज बुधवार का दिन उन्नतिदायक रहेगा। आपको कोई नई संपत्ति मिलने के योग नजर आ रहे हैं, लेकिन आपको उसके चल-अचल पहलुओं के बारे में पूरी जानकारी लेने की जरूरत है। कार्यस्थल पर अधिकारी आपका कार्यभार बढ़ा सकते हैं, जिससे आप व्यस्त रहेंगे।

कर्क राशि के लिए आज बुधवार का दिन भाग्य की मेहरबानी से अचानक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होने से आज आप प्रसन्न रहेंगे। आज आपको परिवार के किसी सदस्य के करियर से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

सिंह राशि के लोगों को लिए आज का दिन मिश्रित परिणाम प्रदान करने वाला रहेगा। आपको अपने खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए और उनमें बदलाव करने का प्रयास करना चाहिए। आज आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। रचनात्मक कार्यों में आपका खूब मन लगेगा। आज आपको परिवार में चल रही किसी भी समस्या को नजरअंदाज करने से बचना होगा। आपसी सामंजस्य बनाए रखने का प्रयास करें, वैसे किसी का अप्रत्याशित व्यवहार विचलित करेगा।

आज का दिन आपके लिए कोई नई उपलब्धि लेकर आने वाला है। जीवनसाथी के सहयोग और सानिध्य से मन प्रसन्न रहेगा। लेकिन मौसम की प्रतिकूल प्रकृति आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। आपको आज सेहत का ध्यान रखते हुए काम करना होगा।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन शुभ फलदायी होगा। आपकी कमाई में आज वृद्धि होगी। आज आपकी मुलाकात किसी प्रभावशाली व्यक्ति से होगी,जिनसे आपको आपको भविष्य में लाभ का संयोग बनेगा।

धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन सुख साधनों में वृद्धि का संयोग बना रहा है। आपको आज सरकारी क्षेत्र के काम में सफलता मिलेगी। कोर्ट कचहरी से जुड़ा कोई मामला है तो उसमें आपको आज सफलता मिलेगी।

मकर राशि के लोगों के लिए आज बुधवार का दिन अनुकूल रहने वाला है। पारिवारिक जीवन मे आपको आज निकट संबंधियों से सहयोग मिलेगा। आप किसी दोस्त के साथ घूमने का प्लान कर सकते हैं। आपको कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है।

कुंभ राशि के लिए आज का दिन सुबह से ही व्यस्तता भरा रहेगा। आपको आज अपने काम के सिलसिले में यात्रा भी करनी पड़ सकती है। कोई नई जिम्मेदारी भी आपको आज मिल सकती है। आपको आज पारिवारिक जीवन में जीवनसाथी से भरपूर सहयोग मिलेग।

मीन राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपके लिए आज का दिन बहुत ही सुखद रहने वाला है। आपको आज बिजनेस में लाभ मिलेगा। लंबे समय से रुकी हुई डील पूरी हो सकती है। आप आज किसी नई योजना पर काम शुरू कर सकते हैं।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# भारतीय अर्थव्यवस्था के सुपरहीरो हैं चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

## आईसीएआई आगरा शाखा ने मनाया 77वां स्थापना दिवस, माहभर चली विविध गतिविधियां

एनएनआई




**आगरा।** चार्टर्ड एकाउंटेंट्स आज भारत की अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ हैं। उनकी पारदर्शिता और विशेषज्ञता देश के विकास में निर्णायक भूमिका निभा रही है। यही बात मंगलवार को द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की आगरा शाखा द्वारा फतेहाबाद रोड स्थित सिग्नेचर रिसोर्ट में आयोजित 77वें स्थापना दिवस समारोह में प्रमुख वक्ताओं ने कही। समारोह की शुरूआत शाखा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और सिकासा अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलन कर की। मंच से वक्ताओं ने सीए की बदलती भूमिका, तकनीकी विकास और बढ़ती जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। समारोह में सीए छात्रों के लिए सफलता मंत्र, परीक्षा में सामान्य गलतियां व उनके समाधान भी साझा किए गए। महीने भर चले सीए माह के दौरान बैडमिंटन, क्रिकेट, योग दिवस, पतंग उत्सव, रक्तदान, पौधारोपण, संगीत प्रतियोगिता, गोसेवा, निवेशक और एमएसएमई सेमिनार, स्वास्थ्य शिविर, महिला संगोष्ठी, शरबत वितरण, गरीब बच्चों को पुस्तक वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित हुए। विजेताओं और सहयोगियों को मंच से सम्मानित किया गया। समापन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। राम दरबार और हनुमान जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। ग्रुप डांस, गायन, रंगोली सहित कई प्रस्तुतियों में सीए रीवा गोयल, साक्षी जैन, रोहित दुआ, संजय अग्रवाला, कृष्ण मुरारी खंडेलवाल, करन पंजवानी, प्रियांश गुप्ता व गौरिका सिंघल ने प्रस्तुति दी। यूपीएससी परीक्षा में अव्वल रहे सीए गौरांग अग्रवाल को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन परमिंदर कौर व केके गोयल ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सीए सचिन बूबना ने दिया। इस अवसर पर विकास जैन, अभिषेक अग्रवाल, विपुल बंसल, रवि सिंघल, नितेश गुप्ता, आलोक अग्रवाल, एससी जैन, विवेक अग्रवाल, भूपेंद्र अग्रवाल, ब्रजेश वर्मा, अक्षत रलन, मधुर गर्ग, विपिन बंसल, पूजा गुरवानी, प्रार्थना जालान, पूनम अग्रवाल, मंजरी अग्रवाल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# वन महोत्सव की शुरूआत, नवजात को मिला 'ग्रीन गोल्ड' उपहार



■ 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान को मिली रफ्तार, 100 से अधिक पौधे रोपे गए

एनएनआई

**आगरा।** वन महोत्सव 2025 का शुभारंभ सोमवार को ताज वन ब्लॉक, शहर रेंज में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत वन संरक्षक आगरा वृत्त डॉ. अनिल कुमार पटेल ने कचनार का पौधा रोपित कर की। उन्होंने प्रधानमंत्री के ह्यमन की बातह्न का उल्लेख करते हुए अपील की कि हर नागरिक अपनी मां के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाए। इस दौरान रुद्राक्ष, नीम, पीपल, जामुन, कदंब सहित 100 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग राजेश कुमार ने बताया कि 1 से 7 जुलाई तक चलने वाले इस महोत्सव में पौधारोपण के साथ प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, साइकिल रैली व पौध भंडारा जैसे जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। खास पहल के तहत जिले के सरकारी अस्पतालों में जन्मे नवजातों को एक पौधा और 'ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट' भेंट किया जा रहा है। बाह, फतेहाबाद, बाईपुर, जैतपुर और खेरागढ़ रेंजों में भी सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुए। राजेश कुमार ने सभी नागरिकों और संस्थाओं से 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान को सफल बनाने की अपील की।

# राष्ट्र रक्षा का संकल्प लेकर भारत रक्षा मंच ने मनाया 16वां स्थापना दिवस

## सितंबर में होगा मंच का भव्य राष्ट्रीय अधिवेशन

एनएनआई




**आगरा।** 'राष्ट्रहित सर्वोपरि' के उद्घोष के साथ भारत रक्षा मंच का 16वां स्थापना दिवस समारोह सिकंदरा रोड स्थित सिटी ढाबा पर धूमधाम से मनाया गया। दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ राज्यसभा सांसद नवीन जैन और संत बाबा प्रीतम सिंह ने किया। बाबा प्रीतम सिंह ने युवाओं से राष्ट्र सेवा में अग्रसर होने का आह्वान करते हुए इसे सबसे बड़ा धर्म बताया। सांसद नवीन जैन ने मंच को एक जनआंदोलन बताते हुए कहा कि यह संगठन भारत की सांस्कृतिक और सुरक्षा चेतना को मजबूती देता है। मुख्य वक्ता सुजेन आनंद ने मंच की स्थापना और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह राष्ट्रविरोधी तत्वों, अवैध घुसपैठ और सांस्कृतिक हमलों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर 5-7 सितंबर तक आगरा में राष्ट्रीय अधिवेशन की घोषणा की गई। संयोजक श्रीनिवास गुप्ता ने बताया कि इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र जयराम ने की। मंच पर देवेंद्र गुप्ता, आदित्य पाराशर, रेनू बंसल, अनिल गुप्ता, अशोक गुप्ता, केएम महेश्वरी, मोहन गुप्ता, संदीप परमार, गुड्डू रावत आदि उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब आगरा ग्रेटर ने जरूरतमंद बच्चों को वितरित किए 115 स्कूल बैग

## डॉक्टर्स डे और सीए डे पर समाजसेवकों का भी किया सम्मान



**आगरा (एनएनआई)।** रोटरी क्लब आगरा ग्रेटर द्वारा मंडलाध्यक्ष राजेन विद्यार्थी की 'शिक्षा उदय परियोजना' के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज, सुभाष पार्क में जरूरतमंद छात्राओं को 115 स्कूल बैग वितरित किए गए। प्रत्येक बैग में चार कॉपी और एक पेंसिल बॉक्स शामिल था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक विजय शिवहरे और विशिष्ट अतिथि पीडीजी सीए शरत चंद्र द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। शरत चंद्र ने विद्यालय में पहले हो चुकी साइकिल, टैबलेट और टॉयलेट कक्ष जैसी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। विधायक विजय शिवहरे ने रोटरी के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए क्लब को पौधारोपण के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन मंडल मेंबरशिप चेयर थान सिंह ने किया। प्राचार्या निधि तिवारी ने अतिथियों का स्वागत पटुका पहनाकर किया। क्लब अध्यक्ष तनवीर कमर ने विधायक का, जबकि सचिव विकास अग्रवाल ने शरत चंद्र का स्वागत माला पहनाकर किया। डॉक्टर्स डे व सीए डे पर सीए शरत चंद्र, सीए आलोक मित्तल, डॉ. लीला गुप्ता और डॉ. मोहित गुप्ता का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में अशोक टंडन, डॉ. भारती अरविंद, अंशु सेठ, राकेश गोयन और अखिलेश अग्रवाल सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।




# विजय श्री वेलफेयर सोसाइटी ने विजय दत्त पालीवाल को किया सम्मानित

एनएनआई

■ रजत जयंती समारोह में बच्चों की खेल प्रतियोगिताएं रहीं आकर्षण का केंद्र




**आगरा।** विजय नगर स्थित विजय श्री वेलफेयर सोसाइटी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व महानगर अध्यक्ष और समाजसेवी विजय दत्त पालीवाल को सम्मानित किया। समारोह में उत्तर विधानसभा विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता टीएन अग्रवाल, आगरा व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल और महामंत्री (संगठन) राकेश बंसल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विजय श्री बिल्डिंग की रजत जयंती भी मनाई गई। समारोह में बच्चों के लिए तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें पहले राउंड में ध्वजा गुप्ता, दूसरे में राघव अग्रवाल और तीसरे में कान्हा अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में एमएम सक्सेना, केके गोयल, प्रतीक गर्ग, संकल्प गर्ग, सोनी गुप्ता, राखी गुप्ता, रिया अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सौरभ गोयल, यशांक गुप्ता, आजाद गुप्ता, सुनील अग्रवाल, रोहित मंगल, अंशु अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।